डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹ 81500. 10 ग्राम

₹ 102000 01 किलो

सेंसेक्स 76,905.51 +557.45

डॉलर 85.990 -0.330

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

चैत्र कृष्ण पक्ष 09, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), रविवार, 23 मार्च 2025, वर्ष-31, अंक-156, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 इलॉन मस्क ने वामपंथी नेताओं को ...

## एक नजर

### जर्जर भवन की छत से दबकर दो मजदूरों की मौत

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले में शनिवार को बड़ा हादसा हो गया है। जर्जर भवन की छत से दबकर दो मजदूरों की मौत हो गयी है, जबकि एक मजदूर घायल हो गया है। सभी मजदूर मुर्शिदाबाद के बताए जा रहे हैं। ये हादसा गिरिडीह जिले के बेगाबाद में हुआ है। मजदूर एक स्कूल का जर्जर भवन तोड़ रहे थे। इसी क्रम में जर्जर छत अचानक गिर गयी। इससे दो मजदूर छत के नीचे दब गए। इससे उनकी मौत हो गयी, जबकि एक मजदूर घायल हो गया।

### आईईडी ब्लास्ट में घायल जवान शहीद, राज्यपाल ने दुख व्यक्त किया

**रांची।** चाईबासा आईईडी ब्लास्ट में घायल हुए सीआरपीएफ जवान सुनील कुमार मंडल के इलाज के दौरान शहीद हो गए। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आईईडी ब्लास्ट में घायल जवान की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। सोशल मीडिया एक्स पर अपने पोस्ट में उन्होंने कहा है कि निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। वीर जवान के अदम्य साहस व शौर्य को नमन। शहीद के परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।

### सुशांत सिंह राजपूत की मौत मामले में सीबीआई ने लगाई क्लोजर रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में शनिवार को बड़ा अपडेट सामने आया है। इस मामले की जांच कर रही केंद्रीय जांच एजेंसी ने अपनी क्लोजर रिपोर्ट लगा दी है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

## आज | कल




# सारंडा में आईईडी ब्लास्ट में 2 जवान घायल, किया गया एयरलिफ्ट

नवीन मेल संवाददाता

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान आईईडी ब्लास्ट हुआ है। घटना छोटानागरा थाना क्षेत्र के वनग्राम मरांगपोंगा में घटी है। आईईडी ब्लास्ट में दो जवान घायल हुए हैं। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान सारंडा के छोटानागरा थाना क्षेत्र में आईडी ब्लास्ट हुआ है। जिसमें दो जवान घायल हुए हैं। घायल जवानों में सीआरपीएफ 193 बटालियन के एसआई सुनील कुमार मंडल और हेड कॉन्स्टेबल पार्थ प्रतिम डे शामिल हैं। दोनों जवानों की हालत स्थिर है। बेहतर इलाज के लिए हेलीकॉप्टर से रांची लाया गया है।



पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी ने शीर्ष नेता मिसिर बेसरा समेत अन्य नक्सली नेता अपने दस्ता के साथ सारंडा में भ्रमणशील हैं। इसी को लेकर चाईबासा पुलिस, कोबरा बटालियन, झारखंड जगुआर और सीआरपीएफ की विभिन्न बटालियन के द्वारा एक संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। विश्वस्त सूचना प्राप्त होने के बाद 4 मार्च से एक विशेष संयुक्त अभियान छोटानागरा और जराईकेला थाना के सीमावर्ती जंगल पहाड़ी क्षेत्र में प्रारंभ किया गया है। अभियान के दौरान शनिवार को समय लगभग 02.30 बजे से 02.45 बजे अपराह्न के बीच छोटानागरा थानान्तर्गत वनग्राम मरांगपोंगा के आस-पास जंगली / पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को टारगेट करने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा पूर्व में लगाये गये आईईडी को विस्फोट किया गया, जिसकी चपेट में आने से सीआरपीएफ 193 बटालियन के दो जवान जख्मी हो गए।

पुलिस बल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस मुख्यालय, झारखंड, रांची एवं सी०आर०पी०एफ० झारखंड सेक्टर, झारखंड रांची के सहयोग से हेलीकॉप्टर के माध्यम से तत्काल प्राथमिक उपचार के पश्चात दोनों को उच्चत्तर इलाज हेतु रांची भेजा गया।

# पलामू रेंज के आईजी ने समीक्षा कर अपराध पर अंकुश लगाने का दिए टिप्स

नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** पलामू पुलिस महानिरीक्षक सुनील भास्कर शुक्रवार को बालूमाथ थाना परिसर पहुंच कर पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी,पिकेट प्रभारी, पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर अपराध पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया। बैठक के पूर्व आईजी को पुलिस अधिकारियों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। बैठक के दौरान उन्होंने पुलिस अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत आपराधिक गतिविधि की जानकारी ली। उन्होंने पुलिस के पास मौजूद संसाधन के साथ क्षेत्र की गतिविधियों के बारे में विस्तार पूर्वक जाना और आपराधिक आंकड़ों के साथ क्षेत्र के लंबित कांडों के बारे में जानकारी ली। लंबित कांडों का जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों से अपराध पर पूरी तरह से अंकुश लगाने के लिए कई टिप्स दिए। मौके पर एसडीपीओ विनोद रवानी,अंचल निरीक्षक परमानंद बिरूवा,थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार,बारियातू थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार सिंह,हेरहंज थाना प्रभारी कृष्ण पाल सिंह पवैया,अमरवाडीह पुलिस पिकेट प्रभारी अनुभव सिन्हा,मुरपा पुलिस पिकेट प्रभारी होसेंग डांग, बसिया पुलिस पिकेट प्रभारी संजय चौधरी सहित कई पुलिस अधिकारी मौजूद थे।



### परिसीमन विवाद में हेमंत सोरेन ने किया तमिलनाडु के सीएम का समर्थन, कहा-

# जनसंख्या के आधार पर परिसीमन को सीमित करना निष्पक्ष व न्यायसंगत नहीं

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को कहा कि केवल जनसंख्या के आधार पर परिसीमन की प्रक्रिया निष्पक्ष और न्यायसंगत नहीं हो सकती। सोरेन ने डीएमके अध्यक्ष और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की उस मांग का समर्थन किया, जिसमें उन्होंने लोकसभा परिसीमन के मुद्दे पर राजनीतिक और कानूनी कार्ययोजना तैयार करने के लिए एक विशेषज्ञ पैनल गठित करने के लिए कहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट करते हुए सोरेन ने लिखा, 'मैं परिसीमन के मुद्दे पर तमिलनाडु के माननीय मुख्यमंत्री एमके स्टालिन जी द्वारा आज बुलाई गई बैठक का स्वागत करता हूं। केवल जनसंख्या के आधार पर परिसीमन को सीमित करना निष्पक्ष और न्यायसंगत नहीं हो सकता।' परिसीमन पर जेएसी (संयुक्त कार्रवाई समिति) की पहली बैठक में स्टालिन ने कहा कि अगली जनगणना के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों का जनसंख्या-आधारित परिसीमन कुछ राज्यों को बहुत प्रभावित करने वाला है।

चेन्नई में स्टालिन द्वारा बुलाई गई बैठक में केरल के सीएम पिनाराई विजयन, पंजाब के सीएम भगवंत मान और तेलंगाना के सीएम ए.रेवंत रेड्डी, कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार और वरिष्ठ बीआरएस नेता केटी रामाराव सहित अन्य नेता शामिल हुए। दिन में सोरेन ने संवाददाताओं से यह भी कहा कि झारखंड में आदिवासी आरक्षित सीटों की संख्या को कम करने की कोशिशें पहले भी हुई थीं, लेकिन इस कदम को टाल दिया गया। बता दें कि इससे पहले इस सप्ताह की शुरूआत में झारखंड विधानसभा में भी यह मुद्दा उठाया गया था।



### क्या है परिसीमन विवाद?

बता दें कि देश की बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए परिसीमन के बाद लोकसभा सीटों की संख्या बढ़नी है, और अगर यह परिसीमन आबादी के आधार पर होता है तो दक्षिण भारत के राज्यों को सीटों की संख्या के मामले में नुकसान होने की आशंका है, इसी वजह से दक्षिण के राज्य जनसंख्या के आधार पर होने वाले इस परिसीमन का विरोध कर रहे हैं। तमिलनाडु से डीएमके के एक सांसद तो संभावित परिसीमन सिर्फ जनसंख्या के आधार पर ना करते हुए इसके लिए राज्य की प्रति व्यक्ति आय, वस्तु एवं सेवा कर संकलन, कृषि आय, निर्यात आदि को भी मानदंड बनाने की मांग कर चुके हैं।

# रंगारंग कार्यक्रम के साथ आईपीएल के 18वें सत्र का आगाज



### फिल्मी सितारों ने बिखेरा जलवा

### शाहरुख ने रिंकू सिंह और विराट कोहली के साथ डांस किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 का उद्घाटन समारोह हुआ। आईपीएल के 18वें सीजन के मौके पर केक काटा गया और आतिशबाजी के साथ आईपीएल 2025 की शुरूआत की गई। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान हुआ। उद्घाटन समारोह के दौरान टॉस में देरी हुई और अब से कुछ ही देर में आरसीबी और केकेआर के बीच मैच का टॉस किया जाएगा। आईपीएल के उद्घाटन समारोह की शुरूआत शाहरुख खान के भाषण के साथ हुई जिसके बाद बॉलीवुड गायिका श्रेया घोषाल ने प्रस्तुति पेश की।

श्रेया ने अपने धुन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। इसके बाद बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी ने अपने डांस से जलवा बिखेरा। फिर पंजाबी गायक करण औजला ने रंग जमाया। अंत में शाहरुख ने रिंकू सिंह और विराट कोहली के साथ डांस किया। गत चैंपियन केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे और आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार आईपीएल की चमचमाती ट्रॉफी लेकर मंच पर आए। शाहरुख के साथ मंच पर बीसीसीआई के शीर्ष पदाधिकारी, दिशा पाटनी, श्रेया घोषाल, करण औजला, रहाणे और पाटीदार मौजूद थे।

# बेमौसम ओले की बरसात से किसान निराश

### रांची समेत कई इलाकों में ओलों ने मचाई तबाही

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड के विभिन्न हिस्सों में शनिवार को गरज-चमक के साथ बारिश हुई, इस दौरान तेज हवाएं चलीं और कई हिस्सों में ओलावृष्टि भी हुई। मौसम में आए इस बदलाव के चलते लोगों को तेज गर्मी से राहत मिल गई। इस दौरान प्रदेश की राजधानी रांची और लोहरदगा में जमकर ओले भी गिरे। रांची में तो शनिवार दिनभर मौसम साफ रहने के बाद शाम चार बजे के बाद फिर से बारिश का दौर शुरू हो गया।



लोहरदगा में शनिवार को एकबार फिर से तेज हवा के साथ ओलावृष्टि हुई है। भारी ओलावृष्टि के चलते हर ओर बर्फ की चादर बिछ गई। इसकी वजह से फसलों को भारी नुकसान होने की आशंका है, हालांकि कहां-कहां नुकसान हुआ अभी पता नहीं चला है। इससे पहले शुक्रवार को भी भारी ओलावृष्टि हुई थी, जिसके कारण खेतों में लगी फसल व अन्य लोगों को काफी नुकसान हुआ था।

**इन इलाकों के लिए जारी किया था येलो अलर्ट :** इसके अलावा मौसम विभाग ने पलामू, गढ़वा, चतरा और लातेहार जिलों के लिए बारिश का येलो अलर्ट जारी करते हुए यहां बादल गरजने और तेज हवा के साथ पानी गिरने का अनुमान भी लगाया था। विभाग ने यहां 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलने का अनुमान लगाया था।

# आदिवासी संगठनों का रांची बंद रहा असरदार



### एंबुलेंस छोड़ किसी को सड़क पर चलने नहीं दिया गया

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची के सिरमटोली केंद्रीय सरना स्थल के पास फ्लाईओवर रैंप बनाने के विरोध में शनिवार को रांची बंद बुलाया गया था। संयुक्त आदिवासी संगठनों द्वारा बुलाए गए रांची बंद का असर शहर के कई इलाकों में देखने को मिला। खासकर ग्रामीण इलाकों में बंदी का ज्यादा असर रहा। शहर के चप्पे-चप्पे पर पुलिस की तैनाती थी। पूरे शहर में बैरिकेडिंग लगाकर लोगों को आवागमन रोक दिया गया था। आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बंद समर्थक सुबह से ही सड़क पर उतार आए थे। पिस्का मोड़, कटहल मोड, बहू बाजार, कमड़े, मेन रोड आदि जगहों पर बंद समर्थकों ने सड़क जाम किया और टायर जलाकर प्रदर्शन किया। इधर बंद समर्थकों से निपटने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। बंद समर्थक जहां-जहां से गुजर रहे थे उनकी वीडियोग्राफी भी कराई गई। तैनात पुलिस कर्मियों ने बंद समर्थकों को समझाकर बैरिकेटिंग हटाने प्रयास कर रहे थे। बंद के दौरान पुलिस भी अक्रामक नहीं दिखी।

### बंद के दौरान कानून तोड़ने वालों को चिह्नित कर की जाएगी कार्रवाई : सिटी एसपी

बंद के दौरान रांची पुलिस ने संयम से काम लिया। कई बार पुलिस और बंद समर्थकों के बीच टकराहट की नौबत भी आई, लेकिन पुलिस के संयमित रहकर मामले को संभाला। सिटी एसपी और जिला प्रशासन के अधिकारियों के अथक प्रयास के बाद देर शाम राजधानी रांची में पूरी तरह यातायात व्यवस्था सामान्य हुई। जाम हटाने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली है। बंद के दौरान कई स्थानों पर समर्थकों के द्वारा काफी उत्पात भी मचाया गया। इस मामले मेसिटी एसपी ने बताया कि वैसे तमाम तत्वों को चिह्नित किया जा रहा है, जिन्होंने बंद के दौरान कानून तोड़ा है।

## इंडिया

# भगत सिंह पैदा तो हों पर पड़ोसी के घर

स्वतंत्रता के बाद देशभक्ति के धारा देश में बह रही थी जिसके हीरो आजादी के लिए वे दीवाने थे जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर देश को स्वतंत्र कराया था उनमें से शहीदे आजम अग्रिम थे जिनकी फोटो घरों से लेकर ट्रकों में लोग लगाते थे ताकि अगली पीढ़ी उनसे प्रेरणा ले सके पर आज लगता है वह बात सच हो गई जब कहा जाता था भगत सिंह पैदा तो हों पर पड़ोसी के घर। आज उनका बलिदान दिवस है पर अधिकांश लोगों को याद भी नहीं है।आठ वर्ष की खेलने की उम्र में जब बच्चों को खिलौनों का शौक होता है, भगत सिंह अपने पिता से पूछते थे कि अंग्रेजों को भगाने के लिए क्यों न खेतों में पिस्तौलें उगा ली जाएं। पिस्तौलों की जो फसल उगेगी उससे अंग्रेजों को आसानी से भारत से भगाया जा सकेगा। उस दौर में पंजाब में अराजकता का माहौल था। 13 अप्रैल 1919 को जलियांवाला बाग की घटना हुई तो उस समय भगत सिंह मात्र 12 वर्ष के थे। 1928 में साइमन कमीशन के बहिष्कार के लिए हो रहे प्रदर्शन में हुए लाठी चार्ज में लाला लाजपत राय की मृत्यु हो गई। इस का बदला लेने के लिए 17 दिसंबर 1928 को करीब सवा चार बजे एएसपी सांडर्स के आते ही राजगुरु ने एक गोली सीधी उसके सिर में मारी। इसके बाद भगत सिंह ने 3-4 गोली दाग दीं। ये दोनों जैसे ही भाग रहे थे कि एक सिपाही चनन सिंह ने इनका पीछा करना शुरू कर दिया। चन्द्रशेखर आजाद ने उसे सावधान किया - 'आगे बढ़े तो गोली मार दूंगा।' नहीं मानने पर आजाद ने उसे गोली मार दी। इस तरह इन लोगों ने लाला लाजपत राय की मौत का बदला ले लिया।भगत सिंह का जन्म 28 सितम्बर 1907 को पंजाब प्रान्त के लायलपुर जिले के बंगा गांव में हुआ था, जो अब पाकिस्तान में हैं । महज 12 साल की उम्र में बगैर किसी को बताए भगत सिंह जलियांवाला बाग चले गए थे और वहां की मिट्टी लेकर घर लौटे थे। भगत सिंह के पिता किशन सिंह चाचा अजीत सिंह और स्वर्ण सिंह स्वतंत्रता सेनानी थे। उनके पिता और चाचा गदर पार्टी के मेंबर थे। भगत सिंह करतार सिंह सराभा को अपना आदर्श मानते थे। जानकारों के मुताबिक भगत सिंह के जीवन में पहला निर्णायक मोड़ 1919 में आया जब उनकी उम्र करीब 12 साल थी।भगत सिंह की पढ़ाई लाहौर के डीएवी हाई स्कूल में हुई। वे कई भाषाओं में पारंगत थे। अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू के अलावा पंजाबी पर भी उनकी खास पकड़ थी। कालेज में भगत सिंह ने इंडियन नेशनल यूथ आगेनाईजेशन का गठन किया। अच्छे थियेटर आर्टिस्ट के साथ-साथ उनका शैक्षणिक रिकॉर्ड भी बढ़िया रहा। बाद में भगत सिंह ने अपनी थियेटर की कलाओं को भारतीयों के बीच देशभक्ति की भावनाएं जगाने में किया। उनका फिरोजपुर से गहरा रिश्ता था और एक ठिकाना क्रांतिकारी डॉ गया प्रसाद ने किराए पर ले रखा था। इसके नीचे केमिस्ट की दुकान थी और ऊपर क्रांतिकारियों का ठिकाना। यहां भगत सिंह, सुखदेव, चंद्रशेखर आजाद के अलावा अन्य क्रांतिकारियों का भी आना जाना था। यह ठिकाना पार्टी की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया था। क्रांतिकारी पंजाब से दिल्ली, कानपुर, लखनऊ और आगरा आने जाने के लिए फिरोजपुर में बने इस ठिकाने पर आकर अपनी पहचान बदलते थे, फिर ट्रेनों में यात्रा करते थे। क्रांतिकारियों का गुप्त ठिकाना 10 अगस्त 1928 से लेकर 4 फरवरी 1929 तक रहा। लाहौर में 17 दिसंबर 1928 को सहायक सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस सॉण्डर्स व हेड कांस्टेबल चानन सिंह की हत्या कर दी थी, जिसमें भगत सिंह, राजगुरु और चंद्रशेखर आजाद समेत कई क्रांतिकारी शामिल थे।महान क्रांतिकारी भगत सिंह को अंग्रेजों ने 23 मार्च 1931 की सुबह 7:30 बजे लाहौर में फांसी दे दी थी। 300 पेज के फैसले में उन्हें फांसी की सजा सुनाई गई थी। वह देश की आजादी के लिए ब्रिटिश सरकार से लड़ रहे थे, लेकिन भारत की आजादी के 70 साल बाद भी सरकार उन्हें दस्तावेजों में शहीद नहीं मानती थी। पर जनता उन्हें शहीद-ए-आजम मानती है। अप्रैल 2013 में केंद्रीय गृह मंत्रालय में भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को लेकर एक आरटीआई डाली गई, जिसमें पूछा कि भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु को शहीद का दर्जा कब दिया गया। यदि नहीं तो उस पर क्या काम चल रहा है? इस पर नौ मई को गृह मंत्रालय का हैरान करने वाला जवाब आया। इसमें कहा गया कि इस संबंध में कोई सूचना उपलब्ध नहीं है। तब से शहीद-ए-आजम के वंशज (प्रपौत्र) यादवेंद्र सिंह संधू सरकार के खिलाफ आंदोलन चला रहे हैं। भगत सिंह चाहते तो छूट सकते थे पर अपने मुकदमे के ट्रायल के दौरान कोर्ट में अपना पक्ष रखते उन्होंने अखबारों की रिपोर्टिंग के माध्यम से देशवासियों को जगा दिया जो चिंगारी बाद में देशभक्ति की ज्वाला बन गई।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक



# मंत्री हफीजुल का मोबाइल स्पीकर ने किया जब्त

### सदन में फोन पर कर रहे थे बात

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा सत्र के दौरान सदन में मंत्री हफीजुल हसन अंसारी के मोबाइल को जब्त कर लिया गया। स्पीकर रवींद्र नाथ महतो के निर्देश पर ये कदम उठाया गया। दरअसल जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन अंसारी चलते सत्र में किसी से फोन पर बात कर रहे थे। जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने नाराजगी जताते हुए उनका फोन जब्त करने को कहा। उन्होंने कहा कि बार बार निर्देश देने के बावजूद इसका पालन नहीं होता है।

**क्या है पूरा मामला :** झारखंड विधानसभा के अंतिम दिन कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव किसी मुद्दे को सदन के अंदर उठा रहे थे। उनके सवाल पूछने के दौरान मंत्री हफीजुल अंसारी किसी से फोन पर बात करने लगे। जिस पर कांग्रेस विधायक दल के नेता ने उन्हें ऐसा करने से मना किया। उन्होंने कहा कि सदन के अंदर फोन के इस्तेमाल से बाधा उत्पन्न होती है। कृपया वह फोन पर बात न करें।

**स्पीकर रवींद्रनाथ महतो बोले- निदेर्शो का नहीं होता पालन :** विधानसभा स्पीकर रवींद्रनाथ महतो विधायक प्रदीप यादव की बात को सुनकर उन्होंने कहा कि कितनी बार सदन के अंदर फोन के इस्तेमाल न करने के लिए कहा गया है। इसके बावजूद भी निदेर्शों का पालन नहीं होता। उन्होंने कहा कि बार- बार एक ही बात को दोहरना ठीक नहीं है। इसके बाद अध्यक्ष ने मंत्री हफीजुल हसन अंसारी के फोन को जब्त करने के लिए कहा। उसके बाद विधानसभा के अंदर मौजूद कर्मी ने फोन को जब्त कर अध्यक्ष के आसन पर पहुंचा दिया।

# 24 राशन कार्डधारियों ने कार्ड किया सरेंडर: एमओ




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि हुसैनाबाद मे अभी तक 24 लोगों ने अपना राशन कार्ड सरेंडर किया हैं। शहरी क्षेत्र के पीडीएस दुकानदार अजीत कुमार चौधरी ने बताया कि उनके यहां मात्र दो लोगों का नाम राशन कार्ड से हटाने के लिए ऑन लाइन आवेदन दिया है। उक्त दोनों का सरकारी नौकरी हो गई हैं। और दो-चार कार्डधारी दो तीन माह पर राशन का उठाव करते हैं। पीडीएस दुकानदार सूर्यनाथ राम ने बताया कि हमारे यहां किसी ने कार्ड सरेंडर नहीं किया है। और सभी राशन सामग्री का उठाव समय पर करते हैं। एमओ ने बताया कि सक्षम व सरकारी नौकरी करने वाले वैसे राशन कार्डधारियों को कार्ड सरेंडर करने का समय दिया गया था। 24 लोगों ने ही कार्ड सरेंडर किया है, अन्य की जांच की जा रही हैं।

# तीन निजी क्लीनिक सील, बच्चा खराब करने का दवा व अन्य सामग्रियां जब्त

**◂◂ क्लीनिक में बिना एमबीबीएस डिग्री के ऑपरेशान का सामान मिला**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में एसडीएम गौरांग महतो व जिला प्रशासन के संयुक्त निर्देश पर हुसैनाबाद में अवैध रूप से संचालित तीन निजी क्लीनिकों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए सील कर दिया गया है। समाचार के अनुसार शुक्रवार की देर शाम को मजिस्ट्रेट सह हुसैनाबाद अंचल अधिकारी पंकज कुमार के नेतृत्व में चिकित्सा प्रभारी डॉ. विनेश राम, डॉ. शशि भूषण, बीपीएम विभूति कुमार सहित हुसैनाबाद थाना पुलिस बल के सहयोग से कार्रवाई की गई है। इसमें तीन निजी क्लीनिकों को सील कर दिया गया है। सील क्लीनिकों में दुगार्बाड़ी देवरी रोड के पास ममता मिश्रा के क्लीनिक, प्रीति क्लीनिक डॉ. संतोष कुमार व महिला चिकित्सा केंद्र हुसैनाबाद अनुमंडल गेट के सामने को सील कर दिया गया है। मालूम हो कि सील के दौरान कई दवा व सामग्रियां को भी जब्त किया गया है। हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक डॉ.विनेश कुमार ने बताया कि छापेमारी के क्रम में उक्त क्लीनिकों में बिना एमबीबीएस डिग्री के ऑपरेशान का सामान, बच्चा खराब करने की दवा सहित कई ऐसे उपकरण मिले है, जहां ऑपरेशन थियेटर चलता है, जबकि कागजात मांगने पर उससे संबंधित कोई प्रमाण नहीं मिले हैं। सीजर लिस्ट बनाकर सीएस पलामू को भेजने की बात कही है। जांच अधिकारी सह सीओ पंकज कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन व अनुमंडल पदाधिकारी हुसैनाबाद के निर्देश पर कार्रवाई की गई है। फिलहाल डॉक्टर व क्लीनिक से संबंधित उचित कागजात नहीं दिखाया गया है। आगे की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने व अगले आदेश तक तीनों क्लीनिक सील रहेगा।



# बीडीओ ने आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड विकास पदाधिकारी पारितोष प्रियदर्शी ने शनिवार को क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। साथ ही सेविकाओं को प्री स्कूल किट्स के बेहतर उपयोग के लिए अपने केंद्रों को समय से संचालित करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि बच्चों को केंद्र में आने और सीखने के लिए अधिक प्रेरित करने के उद्देश्य से चयनित आंगनबाड़ी केंद्रों को पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि बच्चे बेहतर शारीरिक और संज्ञानात्मक विकास का लक्ष्य प्राप्त कर सके। बीडीओ ने बताया कि सेविकाओं द्वारा पोषण ट्रैकर का उपयोग कर अपने केंद्रों को संचालित किया जा रहा है। उनके प्रयास के कारण ही हरिहरगंज बाल विकास परियोजना कार्यालय को इस संबंध में उत्कृष्ट कार्य के महिला दिवस के अवसर पर पुरस्कृत भी किया गया है।

# देवी धाम समिति ने कवर वायर लगाने की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** सिद्धपीठ देवी धाम परिसर हैदरनगर में छह पोल पर झूल रहे नंगा विद्युत प्रवाहित तार को बदलने की मांग न्यास समिति ने की है। समिति के अध्यक्ष गुरु प्रताप साहिदेव, उपाध्यक्ष विवेकानंद सिंह, सचिव रामाश्रय सिंह, कोषाध्यक्ष रविन्द्र कुमार सिंह ने विद्युत अवर प्रमंडल जपला के सहायक अभियंता रामप्रसाद महतो को आवेदन देकर बताया है कि देवी धाम परिसर में छह पोल के विद्युत प्रवाहित नंगा तार झूल रहे हैं। इससे श्रद्धालुओं के साथ खतरा का साया मंडरार रहा है। उन्होंने अभियंता को बताया है कि पारंपरिक रुप में 30 मार्च से 12 अप्रैल तक चैती नवरात्र मेला का आयोजन सहित विभिन्न राज्यों के हजारों श्रद्धालुओं का आवागमन होता है। उन्होंने मंदिर व श्रद्धालुओं की सुरक्षा व मेला को देखते हुए अविलंब कवर वायर लगाने की मांग की है। सहायक अभियंता ने इस संबध में त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन समिति को दिया है।



# सर्वे अमीन तकनीकी प्रशिक्षण में दर्जनों ने नामांकन लिया

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** पूर्वी पंचायत सचिवालय परिसर में आगामी 29 मार्च तक रोजगार युक्त शिक्षा के लिए स्व नियोजन के लिए सर्वे अमीन तकनीकी प्रशिक्षण के लिए नामांकन का कार्य प्रारंभ है। शनिवार देर शाम तक प्रखंड के दर्जनों लोगों अपना नामांकन कराया है। यह जानकारी नवभारत निर्माण संस्थान के प्रशिक्षण प्रभारी आनंद कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि 29 मार्च तक सुबह 11 से शाम तीन बजे तक नामांकन का कार्य किया जाएगा। नामांकन के बाद 30 मार्च से प्रशिक्षण का कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। उन्होंने इस संबंध में पूछताछ के लिए मोबाइल नंबर 7858017098 जारी किया है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण की योग्यता नन मैट्रिक, मैट्रिक, उच्च योग्यता धारी भी है।

# परिवहन विभाग नहीं कर रहा ट्रक का रजिस्ट्रेशन, उपभोक्ता परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** झारखंड सरकार परिवहन विभाग को चुस्त दुरुस्त और राजस्व संग्रह बढ़ाने के लिये लगातार अभियान चला रही हैं। पलामू जिला परिवहन विभाग के मनमानी से हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के मधुशाला रोड निवासी ध्रुव नारायण गुप्ता कई माह से परिवहन विभाग कार्यालय का चक्कर लगा कर थक चुके है। ध्रुवनारायण गुप्ता ने बताया कि ट्रक संख्या जेएच 03 बी 6094 गौतम कुमार पाल, पिता स्वर्गीय रामवंश पाल, मोसमात जसपति देवी के नाम की ट्रक मुझे नीलामी से प्राप्त हुआ था, जिसमें माननीय उपभोक्ता न्यायालय मेदिनीनगर से 1 दिसंबर 2024 को अनुपालन आदेश प्राप्त है। मै उक्त नीलामी ट्रक को अपने नाम कराने के लिये जिला परिवहन विभाग को आवेदन दिया था, लेकिन तीन माह बाद भी विभाग द्वारा ट्रक नवीन ट्रांसफर रजिस्ट्रेशन नहीं हो सका। कागजात ट्रांसफर नहीं होने के कारण मेरा ट्रक खड़ा है। जिससे मुझे आर्थिक रूप से नुकसान हो रहा है। पिछले माह हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय में उपायुक्त कैंप आयोजित की गई थी। जिसकी लिखित शिकायत पलामू उपायुक्त से किया था, लेकिन अभी तक विभाग द्वारा कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया हैं। इसके आदेश की प्रत्याशा में दर-दर भटक कर थक चुका हूं।

# सामान्य हुआ मौसम, असहज स्थिति से मिली राहत



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** शनिवार को सुबह से ही मौसम सामान्य हो गया। लोगों को बारिश और तेज हवाओं से इन दिनों बनी रही असामान्य व असहज स्थिति से राहत मिल गई है। इससे पहले कई दिनों तक अप्रत्याशित रूप से बढ़ी गर्मी से महसूस हो रही असहजता और परेशानी से भी छुटकारा मिल गया है। कुल मिलाकर मौसम सुकून देने लगा है। मौसम में इस उतार-चढ़ाव से सर्दी, खांसी और बुखार की शिकायत बढ़ गई है। ऐसे में खासकर, वृद्ध और बच्चों के इलाज को लेकर परिवार के अन्य सदस्यों की अस्पताल और दवाओं के लिए भागदौड़ बढ़ गई है। मैदानी और जंगली इलाकों के घास और पौधों की बारिश से हरियाली लौट आने से मवेशियों के लिए चारा की कमी दूर हो गई है। मार्च महीने में ही अप्रत्याशित रूप में तापमान के बढ़ने के साथ कुछ दिनों लू चलने से मवेशियों के चारा और पानी को लेकर पैदा हो गए विपरीत हालात से अब पशुपालकों को काफी राहत मिली है। किसानों की मानें, तो रबी फसलों खासकर, गेहूं, अरहर, चना और मसूर के साधारण उत्पादन की संभावना बनी रह गई है। ऐसा इसलिए कि मौसम के सामान्य हो जाने से ओलावृष्टि की संभावना निर्मूल हो गई है। किसानों का कहना है कि मौसम के सामान्य हो जाने से अब तैयार फसलों की कटनी भी सहज रूप से हो सकती है।

# राजस्व कैंप में नहीं आ रहे ग्रामीणों का आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** भजनियां में गुरुवार के बाद शनिवार को स्थानीय पंचायत सचिवालय में भी राजस्व कैंप की विफलता सामने आई है। पहले तो प्रखंड परिसर स्थित पंचायत सचिवालय का ताला ही नहीं खुला। बाद में कैंप के वनिस्पत अंचल कार्यालय के वेशम में ही राजस्व उपनिरीक्षक प्रेमचंद कुमार और अमीन विनय यादव शाम तक लोगों की बाट जोहते रहे। इसके बावजूद आवेदन शून्य दर्ज किया गया। लोगों का कहना है कि राजस्व कैंप लगातार इसके प्रचार-प्रसार के प्रति पंचायत प्रतिनिधियों की उदासीनता की भेंट चढ़ रहा है। हालांकि पिछली बार फरवरी माह में आयोजित राजस्व कैंप की स्थिति ऐसी नहीं होती थी। कुछ न कुछ आवेदन जमा कराए जा रहे थे। मगर, इस महीने लगातार दो पंचायतों में शून्य आवेदन प्राप्त होना, इसे लेकर प्रचार-प्रसार के प्रति उदासीनता या कुछ और कारण है, यह जांच का विषय बताया जाने लगा है। राजस्व उप निरीक्षक प्रेमचंद कुमार ने बताया कि कैंप पूर्वाह्न 11 से अपराह्न 3 बजे लगाए जाने को लेकर शेड्यूल पहले ही जारी कर दिया गया है। इसमें सभी स्तर के पंचायत प्रतिनिधियों को उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करने और इसे लेकर प्रचार-प्रसार को लेकर सूचित कर दिया गया है। मगर इस कैंप में भी भूमि संबंधित मामलों को लेकर कोई भी आवेदन जमा नहीं किए गए। राजस्व कैंप का शेडयूल जारी करते हुए 19 को कादलकुर्मी, 20 को भजनियां के बाद 22 मार्च को इसे मोहम्मदगंज में आयोजित करने की तिथि घोषित कर दी थी। इसके बावजूद भी कादलकुर्मी को छोड़ बाकी के दो पंचायतों में राजस्व कैंप विफल साबित हो गया है। अब 24 गोड़ाडीह, 27 लटपौरी, 29 कोल्हुआ-सोनबरसा के बाद रामबांध में 3 और पंसा में 5 अप्रैल को राजस्व कैंप लगाकर भूमि संबंधित यथा-लगान रसीद, रैयत के नाम और खाता व प्लॉट आदि की त्रुटियों में सुधार करने की बात उन्होंने कही है। अंचल अधिकारी ने बताया कि पंचायतवार कैंप लगाकर भूमि संबंधित आवेदनों यथा-लगान रसीद, पंजी टू में नाम, खाता और प्लॉट की त्रुटियों में सुधार आदि के निष्पादन का आदेश उच्चाधिकारियों से प्राप्त है।



# ट्रैक्टर की चोरी

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के ढाब कला ग्राम निवासी उपेन्द्र मेहता की पत्नी राधा देवी ने हरिहरगंज थाना में चोरों द्वारा ट्रैक्टर चोरी करने का मामला दर्ज कराया है। उनके अनुसार उनका ट्रैक्टर घर के समीप सड़क किनारे खड़ी थी। गुरुवार को ट्रैक्टर से कुटी भूसा लाने जाना था। सुबह में ट्रैक्टर को गायब पाया। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

# धनबाद-मुंबई गरीब रथ ट्रेन सेवा विस्तार की मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** झारखंड राज्य के विभिन्न इलाके के नागरिकों ने धनबाद-मुंबई गरीब रथ ट्रेन सेवा के विस्तार की मांग को प्रमुखता से उठाया है। झारखंड रेल यूजर्स एसोसिएशन के सदस्य अंकू सिंह राणा, अभिषेक कुमार के अलावा रेल उपभोक्ता प्रेमतोष सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष विमलेश सिंह, पलामू रेल उपभोक्ता संघर्ष समिति हैदरनगर के प्रखंड अध्यक्ष गुप्तेश्वर पांडेय, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. अजय जायसवाल का कहना है कि यह सेवा अभी केवल नासिक रोड तक सीमित है। जिसे धनबाद, लातेहार, पलामू, गढ़वा, जपला जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को मुंबई से सीधी और सुचारू रूप से रेल कनेक्टिविटी नहीं मिल सकी है। उन्होंने धनबाद रेलवे डिवीजन के डीआरएम से इस संबंध में ईस्ट सेंट्रल रेलवे मुख्यालय को एक प्रस्ताव भेजा था, जिसमें नासिक रोड से ट्रेन को मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल या लोकमान्य तिलक टर्मिनल तक विस्तार देने की मांग की गई थी। लेकिन अब तक इस पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। जिससे नागरिकों में असंतोष बढ़ता जा रहा है।

# विश्व जल दिवस पर स्कूली बच्चों ने लोगों को किया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड के जल सहियाओं की सक्रियता से विश्व जल दिवस पर बाजार से गांवों के स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। जल संरक्षण को लेकर विद्यालयों में छात्र व छात्राओं के समूह ने नृत्य, संगीत के माध्यम लोगों को जागरुक करने का कार्य किया। प्रखंड समन्वयक हरसु कुमार दयानिधि के मार्गदर्शन में संचालित गैर-सरकारी, सरकारी विद्यालयों में इस कार्यक्रम के आयोजन में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय ईटवा में रिंकी देवी, शिक्षक निरंजन सिंह, प्रदीप कुमार ने जल शपथ करा कर जल संरक्षण संचयन के प्रति स्थानीय लोगों सहित बच्चों के अभिवावकों को शपथ दिलाया। इस दौरान बरडंडा, बरवाडीह की रिंकी, नीलम ने जल बचाओ जीवन बचाओ का संदेश बुलंद कर विद्यालयों के बच्चों को प्रेरित किया। विद्यार्थियों के बीच जल संरक्षण पर भाषण, पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित कर उन्हें जल सहियाओं ने जल है तो कल है... के नारे के साथ प्रोत्साहित किया। इस आयोजन पर विभिन्न स्कूलों में प्रखंड समन्वयक हरसु कुमार दयानिधि ने जल श्रोतों के सफाई की उपयोगिता पर संबंधित क्षेत्र में जागरुकता बढ़ाने पर बल दिया। एसबीएम एकेडमी के ऑन लाइन प्लेटफार्म से इस समुदाय को प्रशिक्षित करने के लिए लोगों को विभागीय नंबर का प्रसार लगातार करने का निर्देश जल सहियाओं को दिया है। प्रखंड के सोबा,काजीनगर, संड़ेया, चौकड़ी के जलसहियाओं मालती, दमयंती, सीमा, रुपा आदि ने विश्व जल दिवस पर बढ़ चढ़कर सक्रियता दिखाई है।

# आपसी भाईचारा का प्रतीक है इफ्तार पार्टी: टुटू सिंह



**संवाददाता नवीन मेल**

**चैनपुर।** रमजान के पवित्र महीना में जिला परिषद की ओर से इफ्तार पार्टी का आयोजन करना अच्छी बात है। इस प्रकार का आयोजन से आपसी भाईचारा का वातावरण बनता है। साथ ही समाज में एक अच्छा संदेश जाता है। ये बातें पलामू जिला परिषद उपाध्यक्ष टुटू सिंह ने कही। वह शनिवार को जिला परिषद में जिला परिषद की ओर से रमजान महीने के मौके पर आयोजि इफ्तार पार्टी में बोल रहे थे। मौके पर जिले के उपायुक्त शशि रंजन, एसपी रीष्मा रमेशन, उपविकास आयुक्त शब्बीर अहमद, नगर आयुक्त जावेद हसन, सदर एसडीएम सुलोचना मीणा, जिला परिषद अध्यक्ष, जिला परिषद सदस्य रामलाल चौरसिया, प्रमोद सिंह, संग्राम सिंह, झामुमो नेता नन्हे खान, हाजी ललन, दीपू चौरसिया, मुस्तफा कमाल सहित काफी संख्या में जाने-माने लोग शामिल हुए।

# स्कूली बच्चों को जल बचाने की शपथ दिलायी गयी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में विश्व जल दिवस पर बीडीओ विश्व प्रताप मालवा व पेयजल एवं स्वच्छता प्रखंड समन्वयक हरसू दयानिधि के निर्देशन में जल सहियाओं ने स्कूली बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान प्राथमिक विद्यालय संड़ेया में शिक्षकों ने बच्चों को जल बचाने की शपथ दिलाई। जिसमें जल सहिया सीमा विश्वकर्मा, शिक्षक सत्येन्द्र सिंह, अजय कुमार सिंह, चंचल शर्मा, दिलीप कुमार मेहता, अरविन्द कुमार सिंह आदि ने स्कूली बच्चों को जल संरक्षण के महत्व पर जागरुक किया। प्राथमिक विद्यालय दिवान बिगहा में जल सहिया के नेतृत्व में स्कूली बच्चों ने गांव सहित आस पास के विभिन्न टोलों पर भ्रमण जल बचाने संबधित श्लोगन बुलंद किया। उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, गोल्हना में जल सहिया गायत्री देवी ने बच्चों को जल संरक्षण पर निबंध लेखन आयोजित कर उत्साहित किया। इसमें छात्र आदित्य कुमार ने प्रथम, रेहान अंसारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने भदुआ, दिवान बिगहा, लोहरपुरा, बरडंडा, संड़ेया, चौकड़ी, बिलासपुर, काजीनगर, जमुआ कला, रतन बिगहा आदि गांव में जल सहिया रिंकी देवी, रुपा देवी, गीता देवी, चंचल देवी, नीलम देवी, सीमा, शकुंतला, पिंकी, निर्मला, सुषमा, दमयंती, मालती आदि के साथ भ्रमण कर इस कार्यक्रम का जाएजा लेने के बाद उन्हें प्रोत्साहित किया।



**जांच** | पंचायतों में विभिन्न योजनाओं समेत स्कूली गतिविधियों की ली जानकारी

# एसडीएम ने झरगाड़ा पंचायत का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड कार्यालय में एसडीएम ने पंचायतों के स्थलीय जांच करने के लिए गए निर्णय के आलोक में शनिवार को हुसैनाबाद प्रखंड के अति सुदूरवर्ती क्षेत्र झरगाड़ा पंचायत सचिवालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंचायत में चल रही सभी योजनाओं का गहनता से अवलोकन किया व सचिवालय में बैठक कर सभी तरह की संचिका व योजना की अधतन जानकारी प्राप्त की। कार्यो में गति लाने पर विस्तृत चर्चा की। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील वर्मा भी थे। अधिकारियों ने मनरेगा 15वीं वित्त, अबुआ आवास, पीएम आवास समेत कई योजनाओं पर चर्चा की। ग्रामीणों से जानकारी ली। मस्टर रोल, मनरेगा मजदूरी का भुगतान से लेकर कई कार्यो पर चर्चा की। इस दौरान राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय झरगाड़ा का निरीक्षण किया। वहां बच्चों की उपस्थिति पंजी, एमडीएम, सुलभ शौचालय, पठन-पाठन बिन्दुओं पर गंभीरता पूर्वक जांच किया। ग्रामीणों ने स्कूल में चाहरदीवारी सहित अन्य बिंदुओं पर ध्यानकर्षण कराया। उन्होंने प्रभारी प्रधानाध्यापक सीताराम प्रजापति को जल्द व्यवस्था में सुधार लाने, सुलभ शौचालय को नियमित रूप से संचालित कराने, साफ-सफाई पर विशेष फोकस करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिस विभाग में लापरवाही व अनियमितता दिख रहा हैं। उसे वह सूची बना लिया हूं। नियमानुसार कार्रवाई होगी। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य व मुख्य सड़क से गांव तक सड़क निर्माण कराने का आग्रह किया। एसडीएम ने ग्रामीण विकास विभाग व पथ निर्माण को पत्र अग्रसारित करते हुए जल्द निविदा निकालने व कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया हैं। मौके पर ग्राम पंचायत के मुखिया अशोक चौधरी, मनरेगा बीपीएम, एईई, जेईई, पंचायत समिति, रोजगार सेवक सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।




# नव साक्षरों का आकलन परीक्षा आज

**पांकी।** प्रखंड के आठ केंद्रो में रविवार को नव साक्षरों का आकलन परीक्षा का आयोजन किया गया है। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी पांकी ने पत्र जारी कर सभी संकुल संसाधन केंद्र, प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक, बीआरसी के कर्मी, सीआरपी, प्रखंड संसाधन केंद्र के लोगों को सूचित करते हुए इसके व्यापक प्रचार प्रसार का निर्देश दिया है। जिससे अधिक लोग लोग इस परीक्षा में शामिल हो सकें। नव साक्षर आकलन परीक्षा रविवार को 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

# विश्व जल दिवस पर भजनियां में लिया गया स्वच्छता का संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** विश्व जल दिवस पर शनिवार पर भजनियां में जल सहिया शकुंतला देवी ने महिलाओं और बच्चों के बीच स्वच्छ शुद्ध जल के महत्व की जानकारी देते हुए इसे संरक्षित करने का संकल्प दिलाया। साथ ही जल गुणवत्ता की जांचकर रिपोर्ट दर्ज किया। इस कार्यक्रम को लेकर महिलाओं व बच्चों में उत्सुकता देखी गई। इसमें संतोष कुमार,साहिल कुमार, अंजली कुमारी, महिमा कुमारी, भागमती देवी, करनी कुमारी, गीता देवी व बचिया देवी सहित अन्य कई शामिल थे। वाश कोऑडिनेटर प्रेमतोष पांडेय ने कहा 22 मार्च विश्व जल दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य स्वच्छ एवं सुरक्षित जल की उपलब्धता सुनिश्चित करवाना है। साथ ही जल संरक्षण के महत्व को ध्यान में रखते हुए इसके प्रति जागरूकता अभियान चलाया जाता है। साल 1992 में रियो डी जेनेरियो में पर्यावरण और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में इस दिन को मनाने का प्रस्ताव रखा गया था। 1993 में पहला विश्व जल दिवस मनाया गया था। 2010 में यूएन ने सुरक्षित, स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता के अधिकार को मानव अधिकार के रूप में मान्यता दी है। जल सहिया शाहजहां खातून का प्रयास भी इस दिशा में सराहनीय है। उन्होंने कहा कि पेयजल व स्वच्छता अभियान को लेकर जल सहियाओं के परफॉर्मेंस का आंकलन किया जा रहा है।



## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत, परिजनों में शोक

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के बारालोटा गुरियाही निवासी रामजी राम के पुत्र कंचन कुमार (25 वर्ष) की शुक्रवार रात ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, कंचन शुक्रवार रात अपने भगिना के घर आबादगंज गया था। वहां से वह घर लौटने की बात कहकर निकला और डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर चाय पीने गया। चाय पीकर लौटते समय रेडमा ओवर ब्रिज के नीचे ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने तुरंत इस घटना की सूचना जीआरपी पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने इस दुर्घटना पर गहरा दुख जताया और रेलवे प्रशासन से ओवरब्रिज के आसपास सुरक्षा उपाय बढ़ाने की मांग की है।

# 1400 पैकेट नकली फेवी क्विक जब्त, प्राथमिकी दर्ज

### गुड़पट्टी मार्केट की दुकान में छापेमारी, पुलिस कर रही जांच

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज के गुड़पट्टी मार्केट स्थित एक किराना दुकान से 1400 पैकेट नकली फेवी क्विक जब्त किया गया। इस मामले में पिडिलाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड की शिकायत पर शहर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

जांच टीम के सदस्य अहमद ने बताया कि नकली उत्पादों की बिक्री की सूचना मिलने पर गुड़पट्टी मार्केट का सर्वे किया गया। इस दौरान मैसर्स संदीप किराना स्टोर में छापेमारी की गई, जहां से बिना बिल के 1400 पैकेट नकली फेवी क्विक बरामद हुआ। इसकी अनुमानित कीमत लगभग 7000 रुपये बताई जा रही है।

दुकानदार संदीप कुमार ने बताया कि कुछ दिन पहले एक युवक ने खुद को दुकान बंद करने वाला बताते हुए एक पेटी फेवी क्विक बेची थी। संदीप के अनुसार, वह युवक पहले भी ईनो पाउडर की बिक्री के लिए




आया था। शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने कहा कि पूरे मामले की जांच जारी है। दोषी पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## दहेज के लिए विवाहिता को जलाने का प्रयास, हालत नाजुक



### पति व ससुराल वालों पर गंभीर आरोप, पुलिस को दिया बयान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** औरंगाबाद, बिहार निवासी अक्षय कुमार (उम्र 28, पिता हरिनारायण गिरी) ने सदर अस्पताल मेदिनीनगर में पुलिस को दिए बयान में अपनी बहन माधुरी कुमारी (पति जनेश्वर कुमार गिरी, निवासी कचरवा डैम) को ससुराल पक्ष द्वारा जिंदा जलाने का प्रयास किए जाने का आरोप लगाया है।

अक्षय कुमार ने बताया कि 12 वर्ष पूर्व उनकी बहन की शादी जनेश्वर कुमार गिरी से हुई थी। शादी में उनके पिता ने करीब 15 लाख रुपये खर्च किए थे, जो उन्होंने कर्ज लेकर जुटाए थे। शादी के शुरूआती 5 साल तक सब कुछ ठीक था, जिससे माधुरी को दो संतानें भी हुईं। लेकिन इसके बाद पति व ससुराल वालों का व्यवहार बदल गया और वे लगातार 2 लाख रुपये दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे।

अक्षय का आरोप है कि 14 मार्च 2025 को जनेश्वर कुमार गिरी, उनके पिता रामचंद्र गिरी, भाई संतोष गिरी और धनंजय गिरी ने मिलकर माधुरी को जिंदा जलाने का प्रयास किया। घटना की सूचना उन्हें मोबाइल पर मिली, जब उन्होंने बहनोई से फोन पर पूछा तो जवाब मिला, तुम्हारी बहन को जला दिया है, अगर देखना है तो आकर देख लो।

घटना की जानकारी मिलते ही अक्षय कुमार आनन-फानन में औरंगाबाद से डालटनगंज पहुंचे, जहां उन्होंने बहन को सदर अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती पाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है, वहीं पीड़िता की हालत नाजुक बनी हुई है।

## क्लिनिक का शुभारंभ मरीजों को विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध



### हर महीने के अंतिम शनिवार को मिलेंगी सेवाएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ऑर्किड आउटरीच गैस्ट्रोएंटरोलॉजी क्लिनिक का भव्य शुभारंभ लाल मेडिकल हॉल (सेवा सदन के विपरीत) में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उद्घाटन अवसर पर निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 50 से अधिक मरीजों को पेट, लीवर और आंत से संबंधित बीमारियों पर डॉ. अखिलेश जवाहर लाल यादव ने परामर्श दिया।

डॉ. अखिलेश यादव डायग्नोस्टिक और थेराप्यूटिक एंडोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी एवं एडवांस्ड जीआई थेराप्यूटिक प्रक्रियाओं में विशेषज्ञ हैं। वे पैंक्रियास और बाइलरी संबंधित रोगों के उपचार में विशेष रुचि रखते हैं।

इस क्लिनिक में आए मरीजों ने गैस, अपच, एसिडिटी, फैटी लिवर, पित्त की पथरी, हेपेटाइटिस बी और सी, लिवर सिरोसिस, पैंक्रियाटाइटिस, आंतों की सूजन, खाद्य पदार्थों से एलर्जी जैसी समस्याओं के लिए परामर्श प्राप्त किया। डॉ. अखिलेश यादव अब हर महीने के अंतिम शनिवार को डालटनगंज में अपनी सेवाएं देंगे। परामर्श शुल्क ₹ 500 निर्धारित किया गया है। अपॉइंटमेंट के लिए आकाश वर्मा से संपर्क करें।

## समाहरणालय परिसर में लगेगा नया आरओ मशीन, आम जनता को मिलेगा स्वच्छ पेयजल



### बढ़ते तापमान को देखते हुए प्रशासन ने लिया निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला समाहरणालय परिसर में जल्द ही एक नया आरओ मशीन स्थापित किया जाएगा। इससे कर्मचारियों और आम जनता को स्वच्छ और ठंडा पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।

गौरतलब है कि जुलाई 2019 में तत्कालीन उपायुक्त शांतनु कुमार अग्रहरि ने समाहरणालय परिसर में एक आरओ मशीन का उद्घाटन किया था। लेकिन रखरखाव के अभाव में यह मशीन निष्क्रिय हो गई थी, जिससे लोगों को इसका समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा था। वर्तमान में समाहरणालय परिसर में शुद्ध पेयजल की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। हालांकि, ब्लॉक-बी में पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा एक वाटर कूलर लगाया गया है, लेकिन सूचना के अभाव और पानी की सीमित उपलब्धता के कारण लोग इसका लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। प्रशासन का कहना है कि जल्द ही नया आरओ मशीन लगाया जाएगा, जिससे गर्मियों में आम जनता और सरकारी कर्मियों को स्वच्छ एवं शीतल जल की सुविधा मिल सके।

### शहीद दिवस की संध्या पर रंगोली व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

# युवाओं को मिली देशभक्ति की प्रेरणा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहीद दिवस की संध्या पर नेहरू युवा केंद्र, पलामू द्वारा रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नीतीश दुबे ने की, जबकि संचालन रमाशंकर पासवान ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई।

नीतीश दुबे ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु जैसे महापुरुषों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, 'जिस प्रकार इन वीरों ने भारत मां के स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए, उसी तरह आज के युवाओं को भ्रष्टाचार



और बेरोजगारी जैसी चुनौतियों के खिलाफ लड़ना होगा।'

इस अवसर पर दीक्षा कुमारी ने कहा कि राष्ट्र की सेवा के लिए केवल सेना में भर्ती होना ही एकमात्र तरीका नहीं है, बल्कि यदि हम अपने दैनिक कार्य ईमानदारी से करें, तो भी देश के विकास में योगदान दे सकते हैं।

रमाशंकर पासवान ने कहा कि भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु न केवल अपने समय के महान क्रांतिकारी थे, बल्कि आज भी वे भारत के युवाओं के लिए अविस्मरणीय प्रेरणास्त्रोत बने हुए हैं। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपने कर्तव्यों को निष्ठा से निभाएं और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करें।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और रंगोली व चित्रकला के माध्यम से देशभक्ति की भावना को अभिव्यक्त किया।

# असमय बारिश से राहत, मौसम साफ

### तापमान में बड़ा उछाल, किसानों ने ली चैन की सांस

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** दो दिनों से जारी तेज हवाओं, मेघ गर्जन और हल्की बारिश के बाद शनिवार को मौसम साफ रहा। सुबह सात बजे से खिली धूप ने पूरे दिन डेरा जमाए रखा, जिससे जनजीवन सामान्य हुआ। मौसम में अचानक आए बदलाव के कारण अधिकतम तापमान में भारी उछाल देखा गया।

शुक्रवार को जहां अधिकतम तापमान 25.1 डिग्री सेल्सियस था, वहीं शनिवार को यह बढ़कर 33.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। हालांकि, न्यूनतम तापमान में मामूली गिरावट आई और यह 19.0 से घटकर 17.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लगातार बारिश के कारण अस्त-व्यस्त हुआ जनजीवन शनिवार को पटरी पर लौट आया। लोग अपने कार्यालय, बाजार और अन्य कार्यों के लिए सामान्य दिनों की तरह बाहर निकले। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को भी मौसम शनिवार की तरह ही रहने की संभावना है। खिली धूप से किसानों को भी राहत मिली है। लगातार हो रही बारिश से उन्हें रबी फसल के नुकसान की चिंता सता रही थी, लेकिन शनिवार की धूप ने उनकी चिंता कुछ हद तक कम कर दी।

# डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर पेयजल संकट, यात्री हो रहे परेशान

### आरओ बेकार, नल के पानी पर निर्भर यात्री

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर पेयजल संकट गहराता जा रहा है। गर्मी बढ़ने के साथ यात्रियों को ठंडा और साफ पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। प्लेटफार्म संख्या एक पर तीन आरओ लगे हैं, लेकिन दो खराब पड़े हैं, जिससे यात्री मजबूरन नल के पानी पर निर्भर हो रहे हैं।

यात्रियों का कहना है कि स्टेशन पर हाथ धोने के लिए लगे नलों से ही पानी भरकर पीना पड़ रहा है। वहीं, स्टेशन पर पानी बेचने वाले वेंडर बोतल बंद पानी के मनमाने दाम वसूल रहे हैं। पहले रेलवे ने वाटर वेंडिंग मशीन के जरिए सस्ता पानी उपलब्ध कराया था, जहां महज 5 रुपये में एक लीटर पानी मिलता था, लेकिन कोरोना काल



के बाद यह सुविधा बंद हो गई।

रेलवे प्रशासन यात्रियों के लिए बेहतर सुविधाओं का दावा करता है, लेकिन डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर बुनियादी जरूरतों की कमी बनी हुई है। हालांकि, अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशन पर लिफ्ट, आधुनिक वेटिंग रूम और बेहतर पार्किंग सुविधा विकसित की जा रही है, लेकिन पेयजल संकट की समस्या जस की तस बनी हुई है।

स्टेशन अधीक्षक उमेश कुमार ने कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए 6 वाटर कूलर लगाए गए हैं। ठंड के दिनों में कूलर बंद कर दिए गए थे, लेकिन अब गर्मी को देखते हुए उन्हें चालू किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व में लगे वाटर एटीएम ठेकेदार के भाग जाने के कारण बंद हो गए थे। यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि स्टेशन पर जल्द से जल्द आरओ की मरम्मत कराई जाए और सस्ती दरों पर पीने के पानी की व्यवस्था की जाए, ताकि यात्रियों को राहत मिल सके।

## थाना प्रभारी समेत 3 पुलिस अधिकारी निलंबित

**मेदिनीनगर।** जिले में आम लोगों से दुर्व्यवहार से जुड़े मामले में शनिवार को पुलिस कप्तान रीष्मा रमेशन ने एक थाना प्रभारी समेत तीन पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। निलंबित होने वाले अधिकारियों में नावाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार, छत्तरपुर, पिपरा थाना में तैनात एक-एक एएसआई शामिल हैं। बता दें कि नावाबाजार थाना प्रभारी पर आरोप है कि लूटकांड के आरोपी की पिटाई की गई है। आरोपी का इलाज रांची में चल रहा है। आरोपी के परिजनों ने थाना प्रभारी के खिलाफ कोर्ट में परिवाद दायर किया है। होली के दौरान पलामू के छतरपुर में एक वारंटी को पकड़ने गई पुलिस टीम द्वारा पिटाई की गई थी। वारंटी द्वारा वरीय पुलिस अधिकारियों से इसकी शिकायत की गई थी। पलामू के पिपरा थाना में होली के दौरान एक एएसआई के द्वारा शराब के नशे में वरीय पुलिस अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार करने के साथ एक होमगार्ड के जवान के साथ भी दुर्व्यवहार हुआ था। पूरे मामले में जांच रिपोर्ट के आधार पर एसपी ने उन्हें निलंबित कर दिया है। नावाबाजार थाना प्रभारी को निलंबित करने के बाद हुसैनाबाद थाना में तैनात सब इंस्पेक्टर संजय कुमार को नावाबाजार का नया थाना प्रभारी बनाया गया है।

## संदेहास्पद स्थिति में पेड़ से लटका मिला शव

**टंडवा (चतरा)।** जिले के टंडवा थाना क्षेत्र में एक किशोरी का शव संदेहास्पद स्थिति में पेड़ में फंदे से झूलते मिला है। इससे पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। थाना क्षेत्र के कोयद गांव के ढिबर टोला के सामने जंगल में महुआ के पेड़ से नाबालिग किशोरी का शव झूलता देख ग्रामीणों ने सराढु पुलिस पिकेट प्रभारी मदन सिंह को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर छानबीन में जुट गई। मृतका की पहचान थाना क्षेत्र के कोयद-ढिबर टोला निवासी गुलिया भुइयां की बेटी सोनी कुमारी के रूप में की गई है। पुलिस किशोरी के शव को पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

# संत मरियम स्कूल के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, अभिभावकों में हर्ष




### उत्कृष्ट प्रदर्शन से छात्रों और शिक्षकों में उत्साह

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल के वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा शनिवार को की गई, जिसमें छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। विगत वर्षों की तुलना में इस बार परीक्षा परिणाम अधिक उत्कृष्ट रहा, जिससे अभिभावकों में खुशी की लहर देखी गई। छात्रों की सफलता उनकी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम मानी जा रही है।

विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने इस उपलब्धि पर शिक्षकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि संत मरियम स्कूल पलामू में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। विद्यालय प्रबंधन ने शिक्षण पद्धति को और उन्नत बनाने के लिए देशभर से श्रेष्ठ शिक्षकों की नियुक्ति की है।

विद्यालय आधुनिक संसाधनों से युक्त हो रहा है, जिसमें इंटरैक्टिव बोर्ड से स्मार्ट क्लास, बिल्डिंग विस्तार, खेल मैदान का सौंदर्यीकरण, लाइब्रेरी और प्रैक्टिकल लैब का सुदृढ़ीकरण शामिल है। इसके अलावा, छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्कूल बसों को सीसीटीवी और जीपीएस से लैस किया गया है।

विद्यालय प्रशासन ने बताया कि नया सत्र 27 मार्च से प्रारंभ होने वाला है और नामांकन प्रक्रिया जारी है। बड़ी संख्या में अभिभावक अपने बच्चों का नामांकन कराने पहुंच रहे हैं।

### डालटनगंज चैंबर ऑफ कॉमर्स ने नगर आयुक्त से मिलकर उठाए प्रमुख मुद्दे

# शहरी क्षेत्र में जलापूर्ति, सफाई व यातायात व्यवस्था सुधार की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जलापूर्ति, सफाई और यातायात व्यवस्था में सुधार की मांग तेज हो गई है। शहर के नागरिकों के साथ-साथ व्यापारिक और सामाजिक संगठनों ने भी इस दिशा में पहल की है। डालटनगंज चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विनोद उदयपुरी और महासचिव व पूर्व डिप्टी मेयर राकेश कुमार सिंह ने नगर आयुक्त से मिलकर शहर के समग्र विकास के लिए इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान देने की अपील की है।




शहर में बढ़ती गर्मी के मद्देनजर पेयजल आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने की आवश्यकता है। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने मांग की है कि सुदना वार्ड संख्या-2 जलापूर्ति योजना के कुएं की सफाई और मशीनों का उचित रखरखाव किया जाए। साथ ही, ब्लिचिंग पाउडर की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, जिससे पानी की गुणवत्ता बनी रहे और आम जनता को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके।

इसके अलावा, चैनपुर जलापूर्ति पंप, बेलवाटिका और रेडमा जलापूर्ति केंद्रों की नियमित सफाई और मरम्मत की जरूरत है, ताकि आने वाले गर्मी के मौसम में जल संकट की समस्या न हो।

**तालाब और सार्वजनिक स्थानों की देखरेख :** शहर के प्रमुख जलाशय बड़ा तालाब और अम्बेडकर पार्क की स्थिति को सुधारने की जरूरत बताई गई है। स्थानीय प्रतिनिधियों का कहना है कि तालाब से निकलने वाले पानी की निकासी प्रणाली को 1-2 फीट ऊँचा किया जाए, ताकि जलस्तर बरकरार रहे और आसपास के इलाकों को पर्याप्त पानी मिल सके।

साथ ही, बड़ा तालाब क्षेत्र में लाइटिंग और सफाई की गंभीर समस्या है, जिससे यहां आने वाले नागरिकों को असुविधा होती है। इस क्षेत्र में समुचित साफ-सफाई और पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था की जाए, ताकि यह पार्क और तालाब एक आकर्षक सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित हो

**महिला महाविद्यालय रोड पर सौंदर्यीकरण कार्य में बदलाव की जरूरत :** नगर निगम मेदिनीनगर द्वारा महिला महाविद्यालय रोड पर किए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्य में फूल-पौधों और पाथवे के निर्माण को सड़क किनारे की दीवार से सटाकर बनाने की अपील की गई है। इससे सड़क का अतिक्रमण नहीं होगा और पौधे सुरक्षित रहेंगे, जिससे सौंदर्यीकरण का उद्देश्य सही तरीके से पूरा हो सकेगा।

इन सभी मांगों को लेकर पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विनोद उदयपुरी और पूर्व डिप्टी मेयर राकेश कुमार सिंह ने नगर आयुक्त से मुलाकात की और शहर के विकास से जुड़े इन अहम मुद्दों पर तत्काल कदम उठाने का अनुरोध किया। व्यापारिक संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि यदि इन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो आने वाले समय में जनसहयोग से नगर निगम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जा सकता है।

नगर निगम से मांग की गई है कि शहर की बुनियादी सुविधाओं में सुधार के लिए त्वरित कार्रवाई की जाए, ताकि नागरिकों को जल, यातायात और स्वच्छता से जुड़ी परेशानियों से निजात मिल सके और मेदिनीनगर एक स्वच्छ और व्यवस्थित शहर के रूप में विकसित हो सके।

### यातायात और पार्किंग समस्याओं का समाधान जरूरी

शहर में यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए छः मुहान से लाल कोठा तक लगे डिवाइडर को हटाने की मांग की गई है। स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों का कहना है कि यह डिवाइडर अक्सर जाम और दुर्घटनाओं का कारण बनता है। कई बार इस क्षेत्र में बड़ी सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे नागरिकों की सुरक्षा को खतरा है। इसके अलावा, छः मुहान से गीता भवन तक के पार्किंग स्थल की स्थिति सुधारने की जरूरत बताई गई है। वर्तमान में, डिवाइडर और यातायात जाम की समस्या के कारण लोग पार्किंग का सही लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। नगर निगम से इस समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की गई है, ताकि शहर में यातायात सुगम बनाया जा सके।

# सोबरन मांझी जिला पुस्तकालय से 180 मीटर तार चोरी

### रात्रि प्रहरी की मौजूदगी के बावजूद अज्ञात चोरों ने की वारदात

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के साहित्य समाज चौक स्थित मास्टर सोबरन मांझी जिला पुस्तकालय से शुक्रवार रात 180 मीटर कॉपर वायर चोरी कर ली गई। चोरी अज्ञात लोगों द्वारा की गई, जिससे पुस्तकालय प्रशासन में हड़कंप मच गया। पुस्तकालय अध्यक्ष मनजीत सिंह ने बताया कि छत पर 4 एमएम का 180 मीटर तार लगा हुआ था, जिसे चोरों ने काटकर गायब कर दिया। इसकी सूचना सुबह 6:15 बजे सफाईकर्मी संतोष कुमार राम ने दूरभाष पर दी।

चौंकाने वाली बात यह है कि घटना के समय पुस्तकालय में रात्रि प्रहरी अनूप कुमार सिंह ड्यूटी पर मौजूद थे। इसके बावजूद चोरी कैसे हुई, यह जांच का विषय बना हुआ है। मामले की सूचना संबंधित अधिकारियों को दे दी गई है।

## सीएम उत्कृष्ट विद्यालय में नामांकन प्रवेश परीक्षा पत्र का वितरण

**चतरा।** जिला मुख्यालय स्थित सीएम उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा केजी से 9 में नामांकन के लिए प्रवेश पत्र का वितरण किया गया। बता दें कि नामांकन फार्म 20 जनवरी से 28 फरवरी तक भरे गए। केजी के लिए 40 व कक्षा 9 के लिए 83 रिक्त स्थान सहित कुल 154 रिक्त स्थानों पर छात्रों के चयन के लिए नामांकन परीक्षा का आयोजन 24 मार्च को होगा। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र ई विद्यावाहिनी वेबसाइट पर भी ऑनलाइन उपलब्ध है। विद्यालय द्वारा प्रवेश पत्र का प्रिंट निकाल कर छात्रों को वितरित किया जा रहा है। लगभग 1200 छात्रों ने नामांकन के लिए फार्म भरा है। सभी छात्रों को विद्यालय से प्रवेश पत्र उपलब्ध कराया जा रहा है। शनिवार को विद्यालय में प्रवेश पत्र प्राप्त करने के लिए छात्र काफी संख्या में उपस्थित रहे। प्राचार्य सतीश लाल गुप्ता द्वारा छात्रों को प्रवेश पत्र कक्षावार अलग-अलग काउंटर लगाकर उपलब्ध कराए गए, ताकि छात्रों व वितरण करने वाले शिक्षकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## एक नजर

### प्रज्ञा केंद्र खाली नहीं करने पर ताला लगाया

**मेराल।** प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश भगत ने मेराल पूर्वी पंचायत में अनाधिकृत रूप से प्रज्ञा केंद्र संचालित करने पर रिमा देवी को प्रज्ञा केंद्र खाली करने का निर्देश दिया था। इसे लेकर मेराल पूर्वी पंचायत भवन पर लिखित रूप से आदेश जारी कर प्रज्ञा केंद्र को खाली करने को लेकर नोटिस चिपकाया गया था। उक्त प्रज्ञा केंद्र वर्तमान में विकास कुमार पिता विनोद प्रसाद गुप्ता के नाम से संचालित करने का आदेश जिला कार्यालय से हो गया है, रिमा देवी द्वारा प्रज्ञा केंद्र खाली नहीं करने पर दंडाधिकारी सुजीत कुमार, पुलिस बल, पंचायत सचिव रामनाथ चौधरी के उपस्थिति में बीडीओ के निर्देश पर उक्त प्रज्ञा केंद्र में ताला लगा दिया गया।

### आरोपी के घर चिपकाया इश्तेहार

**श्री बंशीधर नगर।** महिला थाना पुलिस ने सीमावर्ती उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिला अंतर्गत कोन थाना के कोन ग्राम निवासी राजकुमार कुशवाहा पिता कैलास कुशवाहा के घर पर इश्तेहार चिपकाया है। महिला थाना प्रभारी रुक्मिणी कुमारी ने बताया कि राजकुमार कुशवाहा पर दहेज प्रताड़णा का प्राथमिक अभियुक्त है। वह आठ-नौ माह से फरार चल रहा है। शनिवार की शाम कोन थाना जाकर कई जगहों पर ढोल बजाकर इश्तिहार चिपकाया गया। मौके पर एसआई कुसुम कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### सेविका को दी गई पोषण ट्रैकर की जानकारी

**मेराल।** बाल विकास परियोजना सभागार में शनिवार को पोषण ट्रैकर से संबंधित सेविकाओं के प्रशिक्षण दिया गया। शुरूआत बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सतीश भगत, महिला पर्यवेक्षिका कुमारी स्वस्तिका, मीना देवी, प्रधान सहायक मुरारी मिश्रा ने किया। प्रशिक्षण में मेराल बाल विकास परियोजना अंतर्गत मेराल, डंडई प्रखंड की सेविकाओं ने प्रशिक्षण में भाग लिया। प्रशिक्षण में पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम अंतर्गत आंगनबाड़ी सेविकाओं का पोषण ट्रैकर संबंधित विशेष जानकारी दिया गया। जिसमें पोषण ट्रैकर में नया अपडेट, जिससे लाभार्थी का फेस सुरक्षित करना है। टीएचआर, एचसीएम, बच्चों के उपस्थिति से संबंधित जानकारी दिया गया। इस अवसर पर सेविका विभा रानी, रेणु देवी, अनामिका देवी, शकुंतला देवी, नागवंती देवी, सुषमा देवी ,आशा देवी, संगीता देवी,अंबा रानी, बबीता पाठक, गीता देवी, राजकुमारी देवी, सुमन देवी,सरीता देवी सहित काफी संख्या में सेविकाएं उपस्थित थी।

### सेविकाओं को मिला प्रशिक्षण

**कांडी।** जिले के कांडी प्रखंड मुख्यालय के सभागार में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, महिला प्रवेक्षिका राणा तबस्सुन की अध्यक्षता में बाल विकास परियोजना के कार्यक्रम के तहत पोषण भी पढ़ाई भी का प्रशिक्षण संपन्न हो गया। चल रहे प्रशिक्षण में महिला पर्यवेक्षिका राणा तबस्सुन द्वारा प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं को पोषण ट्रैकर, मोबाइल ट्रैकर से संबंधित ऑनलाइन करने, वजन मापने, पोषण ट्रैका ऑथेंटिक मॉडल पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में 102 सेविकाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण में उपस्थित कांडी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने सभी सेविकाओं को बताया कि यह प्रोजेक्ट सभी लोगों के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आप लोग अगर मोबाइल ट्रैकर या पोषण ट्रैक्टर से काम नहीं कर पाएं तो जितने भी बच्चे हैं वह काउंट नहीं हो पाएंगे। अगर नहीं समझ पाए तो दोबारा पूछ कर जानकारी ले सकती हैं। उन्होंने महिला पर्यविक्षा राना तबस्सुन को सभी सेविकाओं को कलम और डायरी देने का आदेश दिया। पर्यवेक्षिका द्वारा सभी को अपना मोबाइल नंबर अपडेट करने का आदेश दिया गया।

## उपायुक्त ने किया अन्नराज जलाशय में केज कल्चर योजना का निरीक्षण

# नीली क्रांति के तहत केज कल्चर से जुड़े मत्स्य पालकों का होगा आर्थिक विकासः उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की वैश्विक सोच से गढ़वा जिला मत्स्य पालन में बेहतरी की दिशा में अग्रसर है। उपायुक्त शेखर जमुआर ने जिले को मत्स्य पालन में अग्रणी बनाने के लिए डैम व तालाबों में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने में जुटे हैं। उपायुक्त शनिवार को स्वयं अन्नराज डैम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां पूर्व में शुरू की गई केज कल्चर से मत्स्य पालन की जानकारी ली। उन्होंने मत्स्य पालकों से बातचीत की और इसे बेहतर फायदा उठाने की बातें कही। उन्होंने कहा कि केज कल्चर से जुड़े मत्स्य पालकों को आर्थिक लाभ होगा। जिले के लोगों को ताजी मछलियां मिल पाएगी।

**चिरका डैम में चल रहा केज कल्चर :** गढ़वा जिला के चिनियां प्रखंड के चिरका डैम में भी केज कल्चर योजना सफलता पूर्वक चल रहा है, जबकि जिले के मझिआंव प्रखंड अंतर्गत खजूरी डैम में भी योजना स्वीकृत कर दी गई है। जल्द ही वहां भी केज कल्चर योजना का कार्य प्रारंभ हो जाएगा।

### मत्स्य उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास

गढ़वा सदर प्रखंड मुख्यालय से लगभग 12 किमी की दूरी पर अन्नराज डैम में अनाबद्ध निधि योजना अन्तर्गत केज कल्चर योजना की स्वीकृति प्रदान की गई। योजना का मुख्य उद्देश्य स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना, आर्थिक स्थिति में सुधार, जिले को मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना, स्थानीय लोगों को उचित दर पर ताजा मछली उपलब्ध कराने के साथ ही पर्यटकों को आकर्षित करना है। उपायुक्त ने बताया कि केज कल्चर योजना स्थिर जल श्रोतों में पिंजरे बनाकर अंगुली आकार के मछलियों को संचयित करते हुए बड़े आकार में रूपांतरण कर उसे बेचा जाता है। इस योजना से स्थानीय स्तर पर रोजगार, आर्थिक उन्नयन, पलायन पर रोक, पर्यटकों के लिए आकर्षण केन्द्र के अवसर बनते हैं। इस योजना का कार्य पूर्ण होने पर मत्स्य विभाग को हस्तांतण के उपरांत जिला मत्स्य पदाधिकारी धनराज आर कापसे द्वारा अन्नराज डैम में तैयार केज कल्चर का लगातार दौरा कर योजना से संबधी प्रस्ताव तैयार कर इस जलाशय पर केज कल्चर योजना के बारे में स्थानीय विस्थापितों के साथ बैठक कर विस्तार से योजना के बारे में बताया गया। इसके बाद समिति के लोगों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण उपरांत उन्होंने अपने गांव के कृषकों को संगठित कर मत्स्य पालन के लिए दो समिति का गठन किया। समिति का नाम रखा गया भदुआ समूह व ओबरा समूह। दोनों समिति को मिलाकर लगभग 50 सदस्य हैं, जिनकी आजीविका मत्स्य व्यवसाय से चलती है। समिति के लोगों के सराहनीय कार्यो को देखते हुए इन्हें पुरस्कार स्वरुप अनुदान पर मोटर साइकल भी प्रदान किया गया। जिला प्रशासन का सपना है कि सभी किसान व उनके बच्चे शिक्षित हों। साथ ही आर्थिक स्थिति में आत्मनिर्भर बने।

## न्यूज बॉक्स

### भवनाथपुर की बेटी का सहायक शाखा पोस्टमास्टर में चयन, हर्ष

**भवनाथपुर।** राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय भवनाथपुर की छात्रा अंजू कुमारी का चयन भारतीय डाक विभाग में उप कार्यालय पांकी में सहायक शाखा पोस्टमास्टर में चयन हुआ। अंजू कुमारी खरौंधी प्रखंड के सुंडी गांव निवासी विनोद प्रसाद गुप्ता की पुत्री है। 2022 में उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय राजी से विद्यालय टॉपर के साथ प्रखंड में द्वितीय स्थान प्राप्त की। राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार उपाध्याय ने उसे चरित्र प्रमाण पत्र देते हुए यह कहा कि यह छात्रा शुरू से ही काफी प्रतिभाशाली व कैरियर के प्रति सजग थी। अंजू कुमारी ने बताया कि परिवार की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय थी। इसके बावजूद वह किसी तरह से आगे की पढ़ाई की। सत्य प्रकाश के निर्देशन में यह मुकाम हासिल हुआ। वह इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षक को देना चाहूंगी।

### नव मनोनीत झामुमो जिला अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया स्वाागत

**डंडई।** झामुमो के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष शंभू राम शनिवार को प्रखंड के डंडई गांव पहुंचे। मौके पर प्रखंड झामुमो कार्यकर्ताओं ने उन्हें बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान आंबेडकर अमर रहे, संविधान अमर रहे, मानव एकता जिंदाबाद की नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं के साथ अध्यक्ष ने भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। उसके बाद गांव के बोलिया सिवान स्थित पर उन्होंने कार्यकर्ताओं के के साथ राजनीतिक बिंदुओं पर चर्चा की। कार्यकर्ताओं ने प्रखंड कार्यालय में फैले भ्रष्टाचार से जिला अध्यक्ष को अवगत कराया। मौके पर सुनील गौतम ,चंद्रशेखर प्रसाद, दीनानाथ पांडे, राजेश मेहता ,मनिरुद्दीन अंसारी, संदेश राम ,चंदन गुप्ता, सनी कुमार ,मूंगा लाल भारती ,नकछेदी कांत राम, अनिल प्रसाद गुड्डू, सुभाष मेहता, महेश्वर राम ,धनंजय राम सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों के साथ उपायुक्त ने की बैठक

**भारत निर्वाचन आयोग के महत्वपूर्ण निर्देश से कराया अवगत**



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभाकक्ष में भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली व मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड रांची से प्राप्त विभिन्न निर्देशों व मार्गदर्शन से जिले के सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। साथ ही निर्वाचन प्रक्रिया के अंतर्गत संचालित की जा रही विभिन्न गतिविधियों के सफल संचालन के लिए सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष, सचिव, प्रतिनिधियों निर्वाचन संबंधि महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सभी राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष, सचिव, प्रतिनिधियों आदि को अवगत कराया कि 30.4.2025 तक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी व जिला निर्वाचन पदाधिकारी के स्तर पर किसी भी अनसुलझें मुद्दों के लिए सुझाव आमंत्रित किया जा रहा है। इसके लिए स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर आपके साथ नियमित बैठक कर विचार-विमर्श किया जायेगा और आपसे सुझाव भी लिया जायेगे। प्राप्त सुझाव को मौजूदा कानूनी ढ़ाचों के अनुसार हल किया जायेगा। उन्हें अवगत कराया गया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951, निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण नियम 1960, निर्वाचनों का संचालन नियम 1961, माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देश, मैनुअल और हैंडबुक (जो भारत निर्वाचन आयोग के वेबसाईट पर उपलब्ध है) ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेन्द्रीकृत मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है। उन्होंने बताया कि लोकसभा एवं विधानसभा आम चुनाव 2024 के सफल एवं शांतिपूर्ण संपन्न होने में सभी राजनीतिक दलों का सहयोग जिला प्रशासन को प्राप्त हुआ है। जिसके लिए जिला प्रशासन द्वारा उन्हें धन्यवाद व्यक्त किया गया। आम चुनावों (लोकसभा व विधानसभा आम चुनाव 2024) के दौरान जिला प्रशासन द्वारा नियमानुसार सभी प्रत्याशियों व राजनीतिक दलों को समान रूप से सभी कार्यों में अपेक्षित सुलभता मुहैया करायी गई है। इसके बावजूद यदि किसी को किसी प्रक्रिया में कोई असुविधा का सामना करना पड़ा हो तो, जिला प्रशासन को सूचित कराने के लिए उपस्थित राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया, ताकि भविष्य में इस विषय पर विशेष सावधानी बरती जा सके। उपायुक्त ने बताया कि वर्तमान में मतदाता सूची में छूटे हुए योग्य नागरिकों का नाम जोड़ने, मतदाताओं के नाम, व अन्य विवरणी में अपेक्षित सुधार करने व मृत,अनुपस्थित आदि मतदाताओं के नाम नियमानुसार विलोपित करने की कार्रवाई अद्यतनीकरण के तहत की जा रही है। सभी राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्षों व प्रतिनिधियों से बूथ लेवल एजेन्ट की सूची जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा कराने की अपील की गई।

### जनसेवक को मिला गोदाम प्रबंधक का प्रभार

**मेराल।** प्रखंड में सहायक गोदाम प्रबंधक के रूप में जन सेवक बसंत पांडेय को एमओ यशवंत नायक व बीडीओ सतीश भगत की उपस्थिति में स्वतः प्रभार लिया। विदित हो कि पूर्व में एजीएम दीपक कुमार चंचल को2764 क्विंटल राशन गबन के मामले में उपायुक्त गढवा द्वारा निलंबित कर दिया गया है। इसके बाद मेराल थाना में एमओ द्वारा प्राथमिक की दर्ज करायी गयी थी। इसके बाद बसंत पांडेय को सहायक गोदाम प्रबंधक के पद पर प्रतिनियुक्ति किया गया है। दीपक कुमार चंचल को नहीं रहने के कारण बीडीओ, एमओ की उपस्थिति में बसंत पांडेय को स्वतः प्रभार दिलाया गया।

## खेल सामग्री के आभाव में कुंठित हो रही ग्रामीण प्रतिभाएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी खेल मैदान के आभाव में प्रतिभा कुंठित हो रही हैं। प्रखंड अंतर्गत एक दो खेल मैदान को छोड़ कर किसी भी पंचायत में यहां तक की सरकारी विद्यालयों में भी खेल मैदान नहीं है। कुछ विद्यालयों के पास पर्याप्त जमीन तो है, लेकिन उस पर विद्यालय के अगल बगल के ग्रामीणों ने अवैध रूप से अतिक्रमण कर लिया है। इस कारण विद्यालय प्रबंधन द्वारा अतिक्रमण मुक्त करने के लिए अंचल कार्यालय से निवेदन किया गया है, लेकिन सख्ती से करवाई नहीं होने के कारण आज भी सिलीदाग राज्यकीय मध्य विद्यालय-2 के शिक्षा विभाग के जमीन को अतिक्रमणमुक्त नहीं कराया जा का और न ही सीमांकन किया गया। ऐसे ही सैकड़ों एकड़ जमीन है, जिस पर सार्वजनिक खेल मैदान या पार्क न होकर ग्रामीणों ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। इससे इस प्रखंड में एक पंचायत को छोड़कर कोई भी खेल मैदान नहीं है। बच्चे, युवा नदी, नाला या खाली पड़े खेतों में खेलने को विवश हैं। खेल मैदान की कोई व्यवस्था नहीं है, लेकिन सिंहू कान्हू खेल योजना अंतर्गत कोई पंचायत में फंड तो मिल गया है, लेकिन खेल सामग्री के लिए खिलाड़ी तरस रहे है।



## श्री रामचरितमानस नवाह्य पारायण यज्ञ व मेला आयोजन को लेकर बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** प्रखंड के मां शायर देवी धाम प्रांगण में चैत्र नवरात्र को लेकर देवी धाम संचालन समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रेमचंद प्रसाद ने की। मां शायर देवी धाम वार्षिक महोत्सव व श्री रामचरितमानस नवाह्य पारायण यज्ञ व मेला आयोजन को लेकर अध्यक्ष संजय भगत, सचिव कृष्ण प्रसाद कुशवाहा, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार जायसवाल मुख्य रूप से उपस्थित थे। इनके अलावा उपाध्यक्ष विजय प्रसाद गुप्ता, अजय प्रसाद गुप्ता ,प्रमोद महाजन, महेंद्र प्रसाद सहित लोगों ने भव्य तरीके से चैत्र नवरात्र कार्यक्रम मनाने का सुझाव उपस्थित लोगों को दिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 30 मार्च को सुबह आठ बजे जल यात्रा के साथ यज्ञ मंडप में प्रवेश करने के बाद से 6 अप्रैल तक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। साथ ही 6 अप्रैल को यज्ञ पूर्णाहुति के साथ शाम 3 बजे से रात्रि 8 बजे तक महा भंडारा का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा 7 अप्रैल को रात्रि 9 बजे से भक्ति जागरण आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना राम, सांसद प्रतिनिधि रुपू महतो, ललू प्रसाद गुप्ता, विनोद प्रसाद, रविंद्र प्रसाद, नाथून राम, वीरेंद्र ठाकुर, अर्जुन कुशवाहा, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



### खत्म नमाजे ए तरावीह की नामज मुकम्मल हुई

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड के बरडीहा गांव स्थित जामा मस्जिद में शुक्रवार की रात में खत्म नमाजे ए तरावीह की नमाज मुकम्मल हुई। रमजान की 10वीं रमजान से खत्म नमाजे-ए-तरावीह शुरू हुआ था। 11 दिनों में नमाजियों ने मस्जिद में खत्म नमाजे-ए-तरावीह की नमाज पूरा किया। खत्म नमाजे -ए-तरावीह जामा मस्जिद के इमाम हाफिज मनउव्वर अंसारी साहब ने संपन्न कराया। खत्म नमाजे-ए-तरावीह समापन के बाद फातिहा खानी किया गया। नमाजियों ने देश में अमन चैन ,आपसी भाईचारे की दुआ मांगी। अंजुमन कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा हाफिज मनउव्वर अंसारी साहब को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया व उपहार से नवाजा। हाफिज मनउव्वर अंसारी ने माह-ए-रमजान और नमाजे-ए-तरावीह की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अल्लाह रमजान में अपने बंदों को काफी रहमत व बरकत देते हैं। अल्लाह के हुक्म का सम्मान करें। उन्होंने कहा कि पवित्र माह-ए-रमजान महीना मोमिनो के लिए अल्लाह का सबसे कीमती तोहफा है।

### विद्यार्थियों के बीच निःशुल्क ड्रेस का वितरण

**रंका।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय भलुआनी में राज्य शिक्षा परियोजना के निर्देश पर वर्ग 1 से वर्ग 2 में पढ़ने वाले सभी छात्र-छात्राओं को निःशुल्क ड्रेस का वितरण किया गया। इस संबंध में विद्यालय के शिक्षक अरविंद कुमार ठाकुर ने बताया कि सोनदाग पंचायत के मुखिया रीमा देवी की उपस्थिति में वर्ग एक वर्ग से दो में पढ़ने वाले सभी बच्चों को निःशुल्क ड्रेस, जूता-मौज, स्कूली किट बच्चों के बीच वितरण किया गया। मुखिया रीमा देवी कहा कि सरकार बच्चों के विकास के प्रति काफी गंभीर है। इसे लेकर सभी को निःशुल्क ड्रेस, जूता-मौजा, किताब, कॉपी, कलाम आदि सभी का व्यवस्था सरकार कर रही है। यहां तक की खाना के लिए एमडीएम भी दिया जा रहा है। इसलिए मन लगाकर विद्यालय में पढ़ाई करें। मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक रमेश उरांव, विद्यालय के शिक्षक अरविंद ठाकुर, उमा ठाकुर सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत परीक्षा आज

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड में नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत रविवार को बुनियादी साक्षरता सह जांच परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस परीक्षा में 15 प्लस आयु वर्ग के महिला-पुरुष नवसाक्षर भाग लेंगे। परीक्षा में कुल 1314 परीक्षार्थी शामिल होंगे, जिनमें 949 महिलाएं और 395 पुरुष शामिल हैं। इसका उद्देश्य नवसाक्षरों की साक्षरता स्तर की जांच करना है। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रतिभा कुमारी ने परीक्षा के लिए 9 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। ये केंद्र मध्य विद्यालय खरौंधी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावा, नव प्राथमिक विद्यालय सिरपालिया, मध्य विद्यालय भलुही, उत्क्रमित मध्य विद्यालय चन्दनी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिसरी, मध्य विद्यालय अरंगी और उत्क्रमित मध्य विद्यालय कूपा में स्थित हैं। इन विद्यालयों के प्रधानाध्यापक को केंद्राधीक्षक नियुक्त किया गया है।परीक्षा सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रत्येक परीक्षार्थी को दो घंटे का समय मिलेगा। परीक्षा संचालन के लिए साक्षरता कर्मियों को भी तैनात किया गया है। सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, और परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न कराने के निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा समाप्त होने के बाद, सभी केंद्राधीक्षकों को शाम 5 बजे तक खैरियत रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।इस पहल का उद्देश्य साक्षरता दर को बढ़ाना और नवसाक्षरों को आगे की शिक्षा के लिए प्रेरित करना है।



## कार्यक्रम | 20 प्रखंड के 188 आरोग्य दूतों को किया गया सम्मानित

# आयुष्मान भारत के तहत आभा कार्ड बनवाने का निर्देश : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** स्वास्थ्य विभाग व शिक्षा विभाग के समन्वय व सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज (सी-3) के तकनीकी सहयोग से बंधन मैरेज हॉल गढ़वा में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के तत्वावधान में आयोजित विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के तहत सम्मान समारोह में सभी प्रखंडों से उत्कृष्ट कार्य कर रहे पांच-पांच विद्यालयों व उन्हीं विद्यालयों के आरोग्य दूत शिक्षकों को वित्तीय वर्ष (2024-2025) में उत्कृष्ट कार्य के लिए उपायुक्त शेखर जमुआर, सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा, जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा सभी 188 आरोग्य दूत शिक्षकों को सम्मानित किया गया। मौके पर उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा कि विद्यालय स्वास्थ्य कल्याण कार्यक्रम एक बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। कार्यक्रम के अंतर्गत सभी आरोग्य दूत अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए किशोर-किशोरियों को एक स्वस्थ और जिम्मेदार नागरिक बनाने में अपना योगदान देने की बात कही। साथ ही आयुष्मान भारत के तहत आभा कार्ड को बनवाने के निर्देश दिया। सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि कार्यक्रम के 16 विषय बहुत ही महत्वपूर्ण है, जिसे प्रोत्साहन देने के लिए पिछले वर्ष भी आरोग्य दूतों को सम्मनित किया गया था। जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा ने सभी आरोग्य दूत को बधाई देते हुए कार्यक्रम के महत्व के बारे में बताया। साथ ही इसमें तकनीकी सहयोग कर रही सी-3 के योगदान के बारे में सभी को अवगत कराया। सम्मान समारोह में डॉ. पुष्पा सहगल, कार्यक्रम पदाधिकारी, शिक्षा तकनीकी सहयोगी संस्था सेंटर फॉर कैटालजिंग चेंज (सी-3) के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी व कार्यालय कर्मी उपस्थित थे। मंच संचालन जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीरज भगत ने किया।

### 10 स्वास्थ्य आरोग्य दूतों को मिला सम्मान

**खरौंधी।** गढ़वा जिले में आयोजित स्वास्थ्य आरोग्य दूत सम्मान समारोह में खरौंधी प्रखंड के 10 स्वास्थ्य आरोग्य दूतों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग व सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के सहयोग से बंधन मैरेज हॉल में आयोजित था। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त शेखर जमुआर, सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी कैशर रजा, जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज व अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया। समारोह में जिले के 94 विद्यालयों के कुल 188 स्वास्थ्य आरोग्य दूतों को सम्मानित किया गया। उनमें खरौंधी प्रखंड से 10 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। उनमें अरविंद कुमार गुप्ता, विनय कुमार सिंह, राजीव कुमार, पंकज प्रसाद कुशवाहा, राजेश कुमार श्रीवास्तव, नवलेश कुमार सिंह, कुंजबिहारी यादव, अलका तिवारी, कांति कुमारी शामिल रहे। सम्मानित स्वास्थ्य आरोग्य दूतों को उपायुक्त व अन्य पदाधिकारियों द्वारा प्रशस्ति पत्र, उपहार व शॉल देकर सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा अधीक्षक ने कहा कि यह कार्यक्रम विद्यालयों में स्वास्थ्य व स्वच्छता जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण जरिया है। उन्होंने शिक्षकों व छात्रों से इस अभियान को और प्रभावी बनाने की अपील की। खरौंधी प्रखंड के शिक्षकों, शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों ने सम्मानित आरोग्य दूतों को शुभकामनाएं दीं और उनके प्रयासों की सराहना की।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।
**अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–15 वर्ष 2024–25**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। |
| 2 | विज्ञापनदाता का नाम | ई0 मनोज कुमार मुण्डारी<br>कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। |
| 3 | परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि | दिनांक 27.03.2025 समय 05:00 बजे अपराहन तक |
| 4 | निविदा प्राप्ति की तिथि | दिनांक 29.03.2025 समय 03:00 बजे अपराहन तक |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 29.03.2025 समय 04:00 बजे अपराहन तक |
| 6 | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। |
| 7 | निविदा प्राप्ति का स्थान | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। |
| 8 | निविदा खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। |
| 9 | कार्य की विस्तृत विवरणी – | |

Name of Work: Construction of Toilet at Anganwari Center of Different Blocks of District- Chatra Under D.W.&S. Division, Chatra on "TurnKey Basis" for the Year 2025-26 (Social Welfare Fund)

| | ग्रुप संख्या | शौचालय की संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राषि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| I | AWC/TOILET/CTR/GR-01 | 30 Nos. | 10.62270 | 0.21500 | 2500/- | 01 Month |
| II | AWC/TOILET/CTR/GR-02 | 30 Nos. | 10.62270 | 0.21500 | 2500/- | 01 Month |
| III | AWC/TOILET/CTR/GR-03 | 30 Nos. | 10.62270 | 0.21500 | 2500/- | 01 Month |
| IV | AWC/TOILET/CTR/GR-04 | 30 Nos. | 10.62270 | 0.21500 | 2500/- | 01 Month |
| V | AWC/TOILET/CTR/GR-05 | 30 Nos. | 10.62270 | 0.21500 | 2500/- | 01 Month |
| VI | AWC/TOILET/CTR/GR-06 | 30 Nos. | 10.62270 | 0.21500 | 2500/- | 01 Month |
| VII | AWC/TOILET/CTR/GR-07 | 30 Nos. | 10.62270 | 0.21500 | 2500/- | 01 Month |
| VII | AWC/TOILET/CTR/GR-08 | 24 Nos. | 8.49816 | 0.17000 | 1250/- | 01 Month |

नोट – निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

(ई0 मनोज कुमार मुण्डारी)
कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।

PR 349040 Drinking Water and Sanitation(24-25)D

# अनियंत्रित स्कार्पियो पलटी, चार घायल



● सभी घायल मनिका थाना क्षेत्र के हैं

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** मनिका बाजार चौक के समीप शुक्रवार की रात 10.30 बजे विपरीत दिशा से आ रही कार को बचाने के क्रम में स्कार्पियो के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार चार युवक घायल हो गए हैं। घायलो में दो की स्थिति गंभीर है। घायलों में राहुल यादव ग्राम सिंजो, संजीत यादव ग्राम मनिका (भदईबथान) को मनिका स्थित सामुदायिक अस्पताल मे प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर ईलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। अन्य घायलों में मिथिलेश यादव मनिका (भदईबथान), अजय यादव ग्राम जान्हो को सामुदायिक अस्पताल मनिका में ही ईलाज के लिए भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि स्कार्पियो में सवार चारो युवक जन्म दिन के अवसर पर आयोजित पार्टी में शामिल होकर रात्रि में घर लौट रहे थे। इस दौरान मनिका बाजार के समीप एनएच-39 में डाल्टेनगंज की ओर से सामने से आ रही कार को बचाने के क्रम में स्कार्पियो अनियंत्रित होकर सड़क से दूर चहारदीवारी व एक दुकान की सीढ़ीयों को तोड़ते हुई पलट गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही मनिका थाना प्रभारी शशिकुमार सदलबल घटना स्थल पर पहुंच कर स्थानीय लोगों की मदद से स्कार्पियो मे फंसे सभी घायलों को निकाल कर मनिका सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराया। दुर्घटनाग्रस्त स्कार्पियो को कब्जे लेकर थाना ले जाया गया। उक्त स्कार्पियो दूंदू गांव के मंगलदेव उरांव का बताया जाता है।

# नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज रद्द करने को लेकर संकल्प सभा का आयोजन



**महुआडांड़।** केन्द्रीय जनसंघर्ष समिति लातेहार व गुमला ने शनिवार को नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज रद्द करने पर संकल्प सभा का आयोजन। संचालन समिति के सचिव जेरोम जेराल्ड कुजूर व अनिल मनोहर ने किया। कार्यक्रम में जान नहीं देगें, जल जंगल जमीन हमारा है जैसे नारे लगाते व आदिवासी एकता पर चर्चा की। जेरोम जेराल्ड ने बताया कि 23 मार्च 1994 की तोपाभ्यास के लिए आई सेना की गाड़ियों के समाने जल, जंगल, जमीन और अस्तित्व की रक्षा के लिए हमारे माता-पिता, बहनों व भाइयों ने जिस अदम्य साहस के साथ खड़े होकर सेना के फायरिंग अभ्यास के बिना वापस जाने को मजबूर किया था। उस अहिंसात्मक सत्याग्रह आंदोलन की याद में यह कार्यक्रम किया जा रहा। कार्यक्रम में बहन फिलो ने नेतरहाट आंदोलन में महिलाओं की भूमिका पर चर्चा की। कार्यक्रम में आदिवासी संस्कृति कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आये संस्था व गांव द्वारा पेश किया गया। जेरोम जेराल्ड द्वारा स्वागत भाषण व वार्षिक रिपोर्ट जन समूह को पढ़कर सुनाया। इसके अलावा विनित खाखा, जेवियर कुजूर, प्लादीयूस टोप्पो, एडविन टोप्पो, एमनसिउल ने भी अपने विचार मंच के साथ साझा किया। विधि व्यवस्था को लेकर गुमला जिला सर्किल इंस्पेक्टर, गुददरी थाना प्रभारी के साथ जिला पुलिस मौजूद थी।

## न्यूज | बॉक्स

### 31 मार्च तक अबुआ व पीएम आवास का सर्वे कार्य पूरा करें : बीडीओ

**बारियातू।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में बीडीओ अमित कुमार पासवान की अध्यक्षता मे प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक की गई। बैठक में उपस्थित सभी नौ पंचायत के पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, आवास मित्रों को निर्देश दिया गया कि 31 मार्च तक अबुआ आवास व पीएम आवास योजना का शत प्रतिशत स्वीकृति करना अनिवार्य है। साथ ही पीएम आवास, अबुआ आवास का सर्वे का कार्य 31 मार्च तक पूर्ण करने की बात कही। मनरेगा कर्मियों को आवास योजना अंतर्गत डिमांड कर ससमय लाभुकों को भुगतान करने पर जोर दिया। मौके पर बीपीओ केतन गुप्ता, आवास कोर्डिनेटर शशि कुजूर, सभी पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, आवास मित्र सहित मनरेगा कर्मी मौजूद थे।

### 31 मार्च तक राशन कार्डधारकों को ई-केवाईसी करने का निर्देश



**बारियातू।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार परिसर में आपूर्ति विभाग का प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवान, उप प्रमुख निशा शाहदेव, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी आशीष रंजन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। आयोजित कार्यशाला में प्रखंड के सभी नौ पंचायतों के जन वितरण प्रणाली विक्रेता उपस्थित हुए। कार्यशाला में आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की खाद्यान व वितरण से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। उपस्थित सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को एमओ आशीष रंजन ने 31 मार्च तक राशन कार्डधारकों को शत ई-केवाईसी करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी मदों की राशन शत प्रतिशत वितरण करने का निर्देश दिया गया। मौके पर देवनंदन प्रसाद, नरसिंह प्रसाद सिंह, गौतम सिंह, उमेश प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद सहित अन्य कई जन वितरण प्रणाली दुकानदार मौजूद थे।

# विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने अपनी प्रतिभा से लोगों की किया प्रभावित



नवीन मेल संवाददाता

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के मुख्य चौक स्थित शिशु विद्या मंदिर में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कक्षा प्रवेश से सात तक के बच्चे बच्चियों ने भाग लिया। विज्ञान प्रदर्शनी में कई बच्चे प्रोजेक्टर, चंद्रयान,रोबोट,बाइक, मकान, घर की सजावट से संबंधित प्रदर्शनी लगायी। कई बच्चों ने अपने हुनर से अपनी ओर लोगों को आकर्षित किया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मेडल व कप देकर विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित के साथ-साथ प्रोत्साहन दिया गया। विज्ञान प्रदर्शनी के बाद विद्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण को लेकर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक ब्रजेश कुमार सिंह,विज्ञान शिक्षक डा. कृष्ण कुमार टिंकू थे। बच्चों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि बच्चों को प्रोत्साहित किया जाए तो आगे जाकर और बेहतर प्रदर्शन करेंगे। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य विनोद कुमार दांगी, कमलेश कुमार, दांगी कुशवाहा समाज के जिला कोषाध्यक्ष देवनारायण दांगी, उमेश कुमार, जयप्रकाश कुमार आकाश कुमार सीमा कुमारी सहित शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# प्रमंडलीय आयुक्त के समक्ष फरियादियों ने लगाई गुहार

नवीन मेल संवाददाता



**टंडवा (चतरा)।** अंचल व प्रखंड कार्यालय के निरीक्षण के लिए पूर्व प्रस्तावित कार्यक्रम में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार पहुंचे। वहां अपनी व्यथा सुनाने फरियादियों की लाईन लग गई। आयुक्त लगभग दो घंटे से अधिक समय तक अंचल कार्यालय में बैठकर फाइलों को खंगाला। राजस्व विभाग से जुड़े दर्जनों भुक्तभोगियों ने उन्हें लिखित शिकायत सौंपकर विधिसम्मत कार्रवाई की मांग की। पत्रकारों से रुबरु होकर उन्होंने बताया कि निरीक्षण में सुधार योग्य सभी मामले सामने आये हैं, जिस पर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है। निरीक्षण का मूल उद्देश्य पारदर्शी व्यवस्था बनाना है। आम्रपाली परियोजना में रेलवे लाइन निर्माण को लेकर गतिरोध व अनापत्ति के लिए जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों के फर्जी हस्ताक्षर व मुहर लगाने का आरोप पत्र ग्रामीणों ने सौंपा। बता दें कि पिछले डेढ़ साल से उक्त मामले में जारी गतिरोध थम नहीं रहा है। ग्रामीण एक स्वर में फर्जीवाड़ा करने वाले संबंधित अधिकारियों को चिन्हित कर कार्रवाई की मांग पर अड़े हैं। मगध कोल परियोजना से एनटीपीसी पावर प्लांट तक कोयले की आपूर्ति के लिए वर्ष 2019 में अनापत्ति को लेकर हुई ग्रामसभा पर मुखिया सीता देवी ने गंभीर सवाल उठाया है। कहा कि उक्त बैठक की उन्हें कोई जानकारी नहीं है। दिलचस्प तो ये है कि कन्वेयर कॉरीडोर निर्माण क लिए अनापत्ति जिला प्रशासन द्वारा स्वीकृत किया जा चुका है। ग्रामीणों ने बैठक की प्रति उपलब्ध कराते हुए कुछ निरक्षरों के हस्ताक्षर और मृत व्यक्तियों की मौजूदगी होने का दावा किया। इस मामले में सवाल पूछे जाने पर आयुक्त ने कहा कि वे उपायुक्त से विस्तृत जानकारी लेंगे। टंडवा के भुनेश्वर गुप्ता द्वारा एनटीपीसी प्रबंधन पर आरोप लगाया गया कि बगैर मुआवजा दिये उनका घर तोड़ दिया गया है। सिसई निवासी अजय पांडेय ने अंचल प्रशासन पर प्रमंडलीय आयुक्त, उपायुक्त समेत अन्य वरीय अधिकारियों के आदेशों को दरकिनार कर आदेश पारित करने के आरोप लगाया। आयुक्त ने मौजूद अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों पर शीघ्र विधिसम्मत निष्पादन करने का निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त अमरेन्द्र कुमार, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार अनुमंडल पदाधिकारी (भाप्रसे) सनी राज, बीडीओ देवलाल उरांव,अंचल अधिकारी विजय दास समेत तमाम कर्मी व अन्य मौजूद थे।

## बिजली विभगा ने बकाया वसूली को लेकर चलाया अभियान

**गिद्धौर (चतरा)।** विद्युत विभाग ने प्रखंड के विभिन्न गांव में शनिवार को बिजली बिल बकाया वसूली अभियान चलाया गया। इस क्रम में 29630 रुपया की वसूली किया गया। कई बकायेदारों की विद्युत कनेक्शन काट दिया गया। बताया गया कि जब तक बकाया बिजली बिल जमा नहीं करेंगे। तब तक विद्युत की आपूर्ति बंद रहेगी। इस स्थिति में विद्युत के उपयोग करते पकड़े गए, तो चोरी की प्राथमिक की दर्ज किया जाएगा। अभियान में विद्युत सहायक कर्मी महावीर दांगी,संतोष कुमार,पंकज कुमार विकास कुमार सहित थे।

## भुक्तभोगी ने की पुलिस से कार्रवाई की मांग

**चंदवा।** शौंडीक जयसवाल समाज के प्रखंड अध्यक्ष सह किसान नेता प्रमोद साहू व उसके पड़ोसी मनीष कुमार के मकान में 15 मार्च को कार सवार दो युवकों ने शराब के नशे में धुत होकर टक्कर मार दी थी। इस दुर्घटना में कार सवार दोनों युवक तो बाल बाल बच गए, लेकिन प्रमोद साहू व मनीष कुमार के मकान को बड़ा नुकसान पहुंचा है। इस मामले में प्रमोद साहू द्वारा चंदवा थाना में आवेदन देकर कार मालिक पर कार्रवाई की मांग की है।


## शपथ पत्र

मैं, प्रत्युष गांधी, पिता-श्री संतोष कुमार, ग्राम+पो.-मोंगर, थाना+जिला-लातेहार, राज्य-झारखंड का निवासी हूं। शपथपूर्वक घोषणा करता हूं कि मैं PTRATU SCHOOL OF ECONIMICS, RAMGARH से मैट्रिक की परीक्षा वर्ष 2023 ई. में द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण किया हूं। जहां से मुझे ट्रांस्फर सर्टिफिकेट, पास सर्टिफिकेट, रजिस्ट्रेशन कार्ड, चरित्र प्रमाण-पत्र प्रवेश पत्र, अंक प्रमाण पत्र मिला था जो दिनांक 22/07/2024 ई. को अपने घर में लाइन शॉर्ट सर्किट से सभी दस्तावेज जल गया। तथा मेरा रौल नं.- 1234223/054 unique id no.- 7807861 है। मैं उपरोक्त सभी जला हुआ प्रमाण पत्र की द्वितीय प्रति लेने एवं सन्हा दर्ज कराने हेतु यह शपथ पत्र करा रहा हूं।

**शपथ पत्र संख्या : 10411 दिनांक : 21/03/2025**

## शपथ पत्र

मैं, रौशन कुमार, पिता उपेंद्र मेहता, ग्राम- देवरी खुर्द, पोस्ट- जपला सीमेंट फैक्ट्री, थाना- हुसैनाबाद, जिला-पलामू , झारखंड का निवासी हूँ। मैं घोषणा करता हूँ कि मेरा आधार कार्ड संख्या- 588974836331 में प्रेम राज दर्ज है। जो गलत है। मेरा सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र तथा जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम रौशन कुमार है जो सही है। मैं यह शपथ पत्र आधार कार्ड में अपना नाम रौशन कुमार दर्ज करवाने हेतु समर्पित कर रहा हूं।

**शपथ पत्र संख्या : 6/2404 दिनांक : 19/03/2025**


## पेयजल व्यवस्था निर्बाध आपूर्ति के लिए जिला नियंत्रण कक्ष का गठन

**लातेहार।** गर्मी के मौसम में जलापूर्ति की समस्या को देखते हुए उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर ग्रामीण क्षेत्रों में पेय जलापूर्ति संबंधित शिकायत व मरम्मती के लिए जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है। नियंत्रण कक्ष कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल व स्वच्छता प्रमंडल लातेहार में बनाया गया है। पेय जलापूर्ति संबंधित किसी भी तरह की शिकायत व समाधान के लिए दूरभाष नंबर:9031497550 पर संपर्क किया जा सकता है। पेयजल व स्वच्छता प्रमंडल लातेहार में जिला स्तर पर विवेकानन्द कुमार, कनीय अभियंता अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रशाखा लातेहार (शहरी) को नियंत्रण कक्ष का नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। राजीव रंजन निम्न वर्गीय लिपिक, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल लातेहार का मोबाईल नंबर-7903582848 तथा अमित कुमार, निम्न वर्गीय लिपिक, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार का मोबाईल नंबर-7903530445 है, को नियंत्रण कक्ष का प्रभारी बनाया गया है। कंट्रोल रूम में कार्यालय दिवस के कार्यालय अवधि में आम लोग अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार अंतर्गत अवर प्रमंडल,प्रशाखा स्तर पर भी शिकायत पुस्तिका संधारित है तथा संबंधित ग्राम जल और स्वच्छता समिति के जल सहिया को भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जिला अंतर्गत अगर कहीं भी पेयजल संबंधित शिकायत या मरम्मती कार्य की आवश्यकता होने पर लोग सहायक अभियंता या संबंधित क्षेत्र के कनीय अभियंता को कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते है।

## श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर समिति की बैठक चैत्र नवरात्र पर कार्यक्रम कराने का निर्णय

**लातेहार।** प्रतिष्ठित श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर समिति के कार्यकारिणी समिति की बैठक संरक्षक महेंद्र प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में पिछले वर्ष की तर्ज पर चैत्र नवरात्र में पूजा पाठ व अन्य कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। चैत्र नवरात्र पर 30 मार्च को माता की तस्वीर के समक्ष कलशों की स्थापना कर दुर्गा पाठ करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा संध्या में प्रतिदिन भजन व कीर्तन, प्रसाद वितरण करने का निर्णय लिया गया। प्रतिदिन अलग अलग प्रसाद मंदिर समिति के विभिन्न सदस्यों के सहयोग से वितरण किया जायेगा। मंदिर में विद्युत व फूल सजावट कराने का निर्णय लिया गया। सभी सदस्यों से अपने दायित्वों का निवर्हन करने की अपील की गयी। बैठक में संरक्षक त्रिभुवन पांडेय, उपाध्यक्ष शशिभूषण पांडेय, कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, सचिव आशीष टैगोर, सह सचिव रंजीत कुमार, रविंद्र प्रजापति, कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह, ओमप्रकाश प्रसाद (राजू), संतोष प्रसाद (पिंटू), सतीश कुमार, आकाश जायसवाल, पुजारी रामनंदन पांडेय समेत समिति के कई सदस्य मौजूद थे।

## 292 परीक्षा केन्द्रों पर 30 हजार नवसाक्षर होंगे शामिल

**लातेहार।** जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम कुमार साहू ने बताया कि उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत 23 मार्च को बुनियादी साक्षरता व संख्यात्मक आकलन जांच परीक्षा लातेहार जिला के सभी प्रखंडों और नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के 292 परीक्षा केन्द्र के माध्यम से 30 हजार नवसाक्षर को परीक्षा में सम्मिलित किया जाना है। उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत नवसाक्षरों के लिए बुनियादि साक्षरता व संख्यात्मक जांच परीक्षा का आयोजन राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी संस्थान एनआईओएस द्वारा रविवार को निर्धारित किया गया है। इस परीक्षा में वैसे व्यस्क जो पढ़ना लिखना, हिसाब करना जानते हो परन्तु प्रमाण पत्र नहीं है। जेएसएलपीएस समूह के नवसाक्षर दीदी। विद्यालय प्रबंधन समिति के नवसाक्षर सदस्य, माता समिति के सदस्य, रसोईया,विद्यालय शिक्षा पूरी किए बिना विद्याालय छोड़ चुके व्यस्क, मनरेगा मजदूर नवसाक्षर, श्रमिक व्यस्क जो नवसाक्षर हो,स्वयं से बुनियादी शिक्षा प्राप्त किये व्यस्क, बुनियादी साक्षरता व संख्यात्मकता आकलन जांच परीक्षा के लिए प्रखंड स्तर पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (एसएसए) प्रभारी होगें। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले व्यस्क अपना पंजीयन प्राथमिक व मध्य विद्यालय में करवा सकते है। वैसे व्यक्ति जो अपना पंजीयन नहीं करा पायें हैं वह परीक्षा तिथि रविवार को सीधे परीक्षा केन्द्र पर जाकर अपना पंजीयन कराने के साथ परीक्षा में शामिल हो सकत हैं।

## तेज बारिश व आंधी से कई मकानों के उड़े छ्त

**मयूरहंड (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार देर रात तेज बारिश व आंधी-तूफान से कई गरीब के घरों के छत उड़ गया। साथ ही दर्जनों पेड़ धराशायी हो गया है। पंदनि पंचायत अंतर्गत चौरीया में कामेश्वर यादव,राजकुमार यादव, कैलाश यादव के कच्चे मिट्टी मकान के छत उड़ गया। साथ ही श्राद्ध कार्यक्रम में लगाया गया टेंट उखड़ने से अगल बगल के खपरैल मकान को भी क्षतिग्रस्त हो गया। आंधी-तूफान के कारण गरीब किसानों को लाखों का नुकसान हुआ है। पीड़ित परिवारों ने अंचल कार्यालय में आवेदन देकर आपदा विभाग के तहत क्षतिपूर्ति भुगतान की मांग की है।

## सीओ ने विद्यालय भूमि का सीमांकन होने तक निर्माण कार्य को रोकने का दिया आदेश



नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** प्लस टू हाई स्कूल के पास भवन निर्माण कार्य को जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी के शिकायत पर बालूमाथ अंचलाधिकारी विजय कुमार ने शनिवार को निर्माण कार्य पर रोक लगा दी है। इस संदर्भ में जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने बताया कि प्लस टू कृत राजकीय उच्च विद्यालय के लिए 1964 में 9 एकड़ 10 डिसमिल जमीन राज्यपाल के नाम पर दी गई थी। जिस भूमि पर बाउंड्री नहीं होने के चलते कुछ लोगों द्वारा विद्यालय जमीन पर अतिक्रमण किया जा रहा है। पूर्व डीसी भोर सिंह यादव को शिकायत पर डीसी ने अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था। लेकिन विद्यालय जमीन पर फिर से भवन निर्माण कराया जा रहा है। जिस पर जिप उपाध्यक्ष ने आपत्ति जताते हुए बालूमाथ अंचलाधिकारी विजय कुमार को मामले से अवगत कराया गया। जीप उपाध्यक्ष ने कहा कि पहले भी इस तरह का अतिक्रमण किया जा चुका है, जिसे रोकने के लिए संबंधित विभाग को अवगत कराया गया था। अंचलाधिकारी विजय कुमार ने अंचल कार्यालय में जमीन संबंधित कागजात को जमा करने का निर्देश दिया है।


## झारखण्ड स्टेट फौरेस्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि०

Jharkhand State Forest Development Corporation Ltd.

E-mail-dm.daltan_jsfdc@yahoo.co.in(A Govt. of Jharkhand undertaking ) Mob.No.947159065

कार्यालयः प्रमण्डलीय प्रबंधक,लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल डालटनगंज,पलामू

### आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन निगम मुख्यालय रॉची के निदेशानुसार लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल, डालटनगंज अन्तर्गत डालटनगंज स्थित चैनपुर वनागार, चैनपुर में भण्डारित विभिन्न प्रजाति के प्रकाष्ठ एवं जलावन की बिक्री आम नीलामी द्वारा की जायेगी। नीलामी में रखे गये प्रकाष्ठ प्रचयों की सूची प्रमण्डलीय कार्यालय, डालटनगंज से प्राप्त कर अवलोकन किया जा सकता हैं। वनागार में आम नीलामी की तिथि निम्नवत् हैः–

| वनागार का नाम | समय | मार्च– 2025 |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| चैनपुर वनागार चैनपुर | प्रारम्भ 11:00 बजे पूर्वाह्न से 1:00बजे अपराह्न तक। | 26-03-2025 |

नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को गेट मनी के रूप में 5000.00 रू0 (पॉच हजार ) रूपया नगद नीलामी में भाग लेने के पूर्व गेट पर जमा करना होगा । नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को पैन कार्ड,जी0एस0टी0 एवं आधार कार्ड की छाया प्रति जमा करना होगा।

ह0/–

प्रमण्डलीय प्रबन्धक

PR 349017 Forest, Environment and Climate Changes(24-25)#D लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल, डालटनगंज


### उपायुक्त ने बिरसा ग्राम सह कृषक पाठशाला की समीक्षा की

# किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए किया जा रहा प्रयास



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समेकित बिरसा ग्राम सह कृषक पाठशाला योजना के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषक पाठशाला मनिका व महुआडांड़ में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि कृषक पाठशाला मनिका में भारतीय लोक कल्याण संस्थान, रांची द्वारा कार्य किया जा रहा है। वहां गाय शेड, व्यालर शेड, ट्रेनिंग सेन्टर, 4 एकड़ में हाई भेल्यु क्रॉप में तरबुज की खेती, 5 एकड़ में आम, निंबू, अमरूद व ड्रैगन फ्रूट की खेती की जा रही है। साथ ही 5 किलोवाट का सोलर ग्रिड पॉवर का अधिष्ठापन किया जा रहा है। कृषक पाठशाला महुआडांड़ द्वारा बताया गया कि ट्रेनिंग सेंटर, गाय शेड, मुर्गी शेड, मशरूम युनिट, 5 एकड़ में हाई भेल्यु क्रॉप में तरबूज की खेती, स्वीट क्रॉन व मिर्च की खेती, 4 एकड़ में आम, निंबू, अमरूद एवं ड्रैगन फ्रूट की खेती की जा रही है। साथ ही बिरसा ग्राम में सोलर इरीगेशन सिस्टम का अधिष्ठापन कर लिया गया है। पूर्व में एक एकड़ तालाब व सोलर इरीगेशन सिस्टम का अधिष्ठापन पाठशाला में कर लिया गया था। उपायुक्त द्वारा सभी अव्यवों का अधिष्ठापन की समीक्षा करते हुए दोनों संस्थानों को जल्द कृषक पाठशाला के अन्य अव्यव का अधिष्ठापन व प्रशिक्षण कार्य शुरू करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला गव्य पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।

अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–16 वर्ष 2024–25

| | | |
|---|---|---|
| 1 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। |
| 2 | विज्ञापनदाता का नाम | ई0 मनोज कुमार मुण्डारी<br>कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। |
| 3 | परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि | दिनांक 27.03.2025 समय 05:00 बजे अपराहन तक |
| 4 | निविदा प्राप्ति की तिथि | दिनांक 29.03.2025 समय 03:00 बजे अपराहन तक |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 29.03.2025 समय 04:00 बजे अपराहन तक |
| 6 | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। |
| 7 | निविदा प्राप्ति का स्थान | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। |
| 8 | निविदा खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। |
| 9 | कार्य की विस्तृत विवरणी – | |

Name of Work: Construction of Drinking Water Facilities at Anganwari Center of Different Blocks of District-Chatra Under D.W.&S. Division, Chatra on “TurnKey Basis” for the Year 2025-26 (Social Welfare Fund)

| ग्रुप संख्या | | पेयजल सुविधा हेतु कलस्टर की संख्या | प्राक्कलित राषि (लाख में) | अग्रधन की राषि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| I | AWC/WATER/CTR/GR-01 | 100 Nos. | 20.74100 | 0.41500 | 5000/- | 01 Month |
| II | AWC/WATER/CTR/GR-02 | 100 Nos. | 20.74100 | 0.41500 | 5000/- | 01 Month |
| III | AWC/WATER/CTR/GR-03 | 100 Nos. | 20.74100 | 0.41500 | 5000/- | 01 Month |
| IV | AWC/WATER/CTR/GR-04 | 100 Nos. | 20.74100 | 0.41500 | 5000/- | 01 Month |
| V | AWC/WATER/CTR/GR-05 | 100 Nos. | 20.74100 | 0.41500 | 5000/- | 01 Month |
| VI | AWC/WATER/CTR/GR-06 | 92 Nos. | 19.08172 | 0.38500 | 2500/- | 01 Month |

नोट – निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

(ई0 मनोज कुमार मुण्डारी)

कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।

PR 349045 Drinking Water and Sanitation(24-25)D

## न्यूज बॉक्स

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आगामी सत्र के लिए प्रबंधन समिति की हुई बैठक



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में बजट समीक्षा और विद्यालय विकास हेतु गुमला विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार और संकुल प्रमुख विपिन कुमार दास की संयुक्त अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंध कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। आयोजित बैठक में आगामी सत्र 2025-26 में विद्यालय संचालन के लिए समिति के पदाधिकारियों द्वारा बजट पर विचार विमर्श कर सर्वसम्मति से बजट पास किया गया। वही विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार ने सलाह देते हुए कहा प्रभावकारी बजट से विद्यालय विकास करने में पूर्ण सहयोग होता है।साथ ही साथ संकुल प्रमुख बिपिन कुमार दास ने कहा बुनियादी आवश्यकता को अविलंब पूर्ण किया जाये जिसे विद्यालय को सरकार से मान्यता लेने में कोई कठिनाई उत्पन्न न हो। वही भैया बहनों की शिक्षा और विद्यालय विकाज के लिये प्रत्येक बिंदुओं पर चर्चा करते हुए शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ विद्यालय विकास एवं विस्तार पर सुझाव रखा गया। साथ ही विद्यालय हित में कई अहम बिंदुओं को विद्यालय प्रबंधन समिति से पास कराया गया।तथा विद्यालय में भैया बहनों और आचार्य आचार्याओं का सुविधा एवं विकास तथा नामांकन वृद्धि पर विशेष जोर दिया गया। वही शांति मंत्र के साथ बैठक संपन्न हुआ।मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुदेश्वर साहू, उपाध्यक्ष हर्षनाथ महतो, सह सचिव विजय सोनी, समिति सदस्य कमलनाथ महतो, अवधेश साहू, प्रधानाचार्य विमलेश कुमार तिवारी समेत अन्य उपस्थित थे।

### ठनका से भंडरा के हाई स्कूल बिटपी के शिक्षक व छात्र बाल-बाल बचे

**भंडरा।** जोरदार बारिश और ओलावृष्टि के बीच ठनका से भंडरा के हाई स्कूल बिटपी के शिक्षक व छात्र बाल बाल बचे। स्कूल परिसर से महज सौ कदम दूरी पर स्थित एक सूखे पेड़ पर वज्रपात हुआ। लेकिन संयोगवश किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ।प्रत्यक्षदर्शी शिक्षकों ने बताया कि बारिश और ओलावृष्टि के बीच करीब दस फिट लंबा और चार फिट रेडियस के आग का गोला पेड़ में गिरा। जो पेड़ को चीरते हुए जमीन में समा गया। इसके भयावह आवाज और झटके से सभी सहम गये। संयोगवश किसी को नुकसान नहीं हुआ। जबकि कुछ शिक्षक घटना स्थल के महज दस फिर दूरी पर थे। ग्रामीणों के अनुसार उक्त पेड़ पर इससे पूर्व भी वज्रपात हुआ था। इसके बाद से पेड़ सूखा पड़ा है। लोगों ने कहा कि नजदीक में पहाड़ होने के कारण उक्त स्थल पर वज्रपात का आशंका हमेशा बना रहता है। इससे बचाव के लिए स्कूल भवन में तड़ित चालक अति आवश्यक है।

### लाइसेंसधारी खुदरा शराब दुकान में कार्यरत कर्मियों का नही मिला वेतन, उपायुक्त से गुहार लगाई



**लोहरदगा।** जिले के लाइसेंसधारी खुदरा शराब दुकान में कार्यरत सेल्समैन और इंचार्ज ने वेतन नहीं मिलने से परेशान होकर जिले के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण को ज्ञापन सौंपकर वेतन भुगतान कराने का गुहार लगाया है। बताया गया कि जिले में लाइसेंसधारी खुदरा शराब दुकानों को उत्पाद विभग और विजन हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा संचालित किया जा रहा है। लेकिन वर्ष 2024 जून महीने से खुदरा शराब दुकान में कार्यरत कर्मियों को वेतन का भुगतान नहीं किया गया है न ही प्लेसमेंट की अवधि का विस्तार किया गया है। जिससे जिले में कार्यरत खुदरा शराब दुकान के कर्मियों का वेतन का भुगतान नहीं हो पा रहा है। जिससे परेशान होकर खुदरा शराब दुकानों के कर्मियों ने जिले के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण को अपनी परेशानियों से अवगत कराते हुए जल्द वेतन भुक्तान कराने का गुहार लगाया है। ज्ञापन सौंपने में शराब दुकान के दर्जनों कर्मी शामिल हुए। जिनमें विकास साहू, सतीश वर्मा, संजय कुमार, राजेश कुमार, नीलेश साहू, नकुल कुमार, संदीप राम आदि शामिल हुए।

### हेसल बसारडीह में निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन कल

**लोहरदगा।** झारखंड सरकार कल्याण विभाग के सहयोग से विकास भारती द्वारा संचालित कल्याण अस्पताल हेसल बसारडीह में निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन दिनांक 24 मार्च 2025 को किया गया है। इस शिविर में रांची के सुप्रसिद्ध अस्पताल पारस हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम निशुल्क स्वास्थ्य जांच और परामर्श प्रदान करेगी।इस शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कुंवर अभिषेक आर्य द्वारा हृदय रोग की जांच और परामर्श, ऑर्थोपेडिक्स विशेषज्ञ डॉक्टर अवकाश द्वारा हड्डी और जोड़ों की समस्याओं की जांच और परामर्श, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एसके गुप्ता द्वारा नेत्र रोगों की जांच और परामर्श, जनरल फिजिशियन डॉक्टर एसके सिन्हा और डॉक्टर एसके मिश्रा द्वारा सामान्य स्वास्थ्य जांच और परामर्श, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, आरबीएस, स्पीओ2, ईसीजी और अन्य पैथोलॉजिकल सेवाएं, निशुल्क दवा और चिकित्सीय जांच परामर्श दिया जायेगा। यह शिविर सुबह 10:30 बजे से 3:00 बजे तक चलेगा। अस्पताल के प्रबंधक प्रणव कुमार पाठक ने इस शिविर के बारे में जानकारी दी और कहा कि यह शिविर गरीब और वंचित लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो उन्हें निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा।

### किशोरियों और बालिकाओं को स्वास्थ्य और अधिकारों के प्रति किया जागरूक



**लोहरदगा।** लोहरदगा में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके) के तहत जिला स्तरीय साथिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों और बालिकाओं को उनके स्वास्थ्य और अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, और सिविल सर्जन डॉ शंभूनाथ चौधरी ने भाग लिया। उन्होंने किशोरियों और बालिकाओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और अपने अधिकारों को जानने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में बाल विवाह के मुद्दे पर भी चर्चा की गई। अपर समाहर्ता ने कहा कि बाल विवाह अपराध है और इसके खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सहिया उपस्थित रहीं और उन्होंने अपनी समस्याएं रखीं और उनका निवारण पाया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरियों और बालिकाओं को सशक्त बनाना और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान, किशोरियों और बालिकाओं को स्वास्थ्य, शिक्षा, और अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

# ओलावृष्टि से भंडरा प्रखंड में भारी नुकसान किसानों को लाखों का नुकसान पहुंचा





| 214 | बेबी देवी | पिन्टू राम | घुरूआ | कांडी | 506117559249 | | 60511045398 | 152869.00 | 50956.00 | |
| 215 | रामअधिन राम | मिठु राम | रक्सी | धुरकी | 816031570835 | Indian bank, Garhwa | 7869568623 | 152869.00 | 50956.00 | |
| 216 | कांती देवी | रामउदय राम | खरडिहा | बरडीहा | 218623775026 | BOM, Garhwa | 60510729048 | 152869.00 | 50956.00 | |
| 217 | अनिल राम | रामसरण राम | पटुआ | मेराल | 336726101163 | | 60508845060 | 152869.00 | 50956.00 | |
| 218 | अरूण कुमार | खखनु राम | बाना | मेराल | 689169595836 | | 60506797377 | 152869.00 | 50956.00 | |
| 219 | शोभा देवी | अशोक यादव | होन्हे खुर्द | रंका | 780030030428 | | 60508540512 | 170375.00 | 170375.00 | |
| 220 | मुन्द्रिका यादव | गोपी यादव | कुदरूम | रंका | 871647046254 | | 60509103773 | 170375.00 | 170375.00 | |
| 221 | मयंक कु0 तिवारी | स्व0 राजनाथ तिवारी | भरटिया | गढ़वा | 579999911944 | | 60505113505 | 170375.00 | 170375.00 | |
| 222 | रूबी देवी | अजय कु0 यादव | बुका | भवनाथपुर | 574681391976 | Indian bank, Garhwa | 7705839150 | 170375.00 | 170375.00 | |
| 223 | मनोज राम | जानकी राम | मझिगांवा | कांडी | 521150873693 | BOM, Garhwa | 60509380690 | 255563.00 | 85187.00 | |
| 224 | सुदामा राम | शिवकुमार राम | कदवा | धुरकी | 857299372246 | Indian bank, Garhwa | 7694259486 | 255563.00 | 85187.00 | |
| 225 | मुनासिस टोप्पो | नगदीश टोप्पो | विश्रामपुर | रंका | 930509816523 | | 7878752043 | 255563.00 | 85187.00 | |
| 226 | चन्देवश्वर कुमार | विजय राम | संगबरिया | मेराल | 928138628270 | BOM, Garhwa | 60511291128 | 255563.00 | 85187.00 | |
| 227 | नन्दु बैठा | स्व0 बद्री बैठा | महुलिया | गढ़वा | 795983802931 | | 60511240377 | 255563.00 | 85187.00 | |
| 228 | रचना कुमारी | विनय कुमार | बंसान | भवनाथपुर | 834289676723 | | 60510728817 | 255563.00 | 85187.00 | |
| 229 | जौत्री देवी | श्यामसुन्दर बैठा | सोनवर्षा | केतार | 583462177507 | Indian bank, Garhwa | 7872305363 | 255563.00 | 85187.00 | |
| 230 | संगीता देवी | आशीश पासवान | बारोडीह | नगर उंटारी | 281814172434 | BOM, Garhwa | 60514062740 | 255563.00 | 85187.00 | |
| 231 | राजकुमार पासवान | विजय कु0 राम | गम्हरीया | रमना | 750268788482 | | 60511513528 | 255563.00 | 85187.00 | |
| 232 | प्रमोद राम | स्व0 मंदीप राम | मकरी | भवनाथपुर | 434506868030 | Canera bank, Rohiniya | 110200531540 | 255563.00 | 85187.00 | |
| 233 | रामबली पासवान | सुकठ राम | रारो | डंडई | 865847423539 | Indian bank, Garhwa | 7556188160 | 255563.00 | 85187.00 | |

PR 349035 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25)D जिला गव्य विकास पदाधिकारी, गढ़वा।

## भीड़

कोरोना का प्रतिबन्ध हटने पर दो वर्ष के बाद रामनवमी के दिन मेला लगा था। मंगल उराँव भी मेला घूमने निकला। वह कोरोना के कारण नौकरी छूट जाने से बेरोजगार था और कभी कोई छोटी-मोटी नौकरी तो कभी मजदूरी करके जैसे-तैसे अपना और अपने परिवार का पेट भरते किसी नई नौकरी की तलाश कर रहा था। मेला में घूमते हुए अचानक उसकी दृष्टि एक व्यक्ति की पिछली जेब पर गयी जो कुछ अधिक ही फूली हुई थी। उसने सम्भवतः अपने पीछे की जेब में अपना पर्स रखा हुआ था। मेला में भीड़ बहुत अधिक थी, उसे अवसर अच्छा लगा। वह बुदबुदाया-"प्रयास करके देखता हूँ, बहुत भीड़ है शायद उसे पता नहीं चलेऔर पर्स मेरे हाथ में आ जाय। बहुत फूला हुआ दिख रहा है उसमें अवश्य काफी रूपये होंगे। कुछ दिन तक तो बच्चों को भरपेट खाना खिला सकूँगा।"उसने सावधानी से उसकी जेब से पर्स निकाल लिया और मेले की भीड़ में उस व्यक्ति को पता नहीं चल पाया। मंगल तो बहुत प्रसन्न हुआ क्योंकि पर्स वास्तव में बहुत भारी था। हल्का सा खोलकर झाँका,उसके भीतर उसे नोट भी दिख रहे थे। प्रसन्न होकर धीमे स्वर में बोल उठा – "अब मेला नहीं घूमना है वापस चले जाना है।'" वह पर्सअपने पॉकेट में रखने लगा तभी किसी ने उसके हाथ को पकड़ लिया, उसने पलट कर देखा हाथ पकड़ने वाले को। एक व्यक्ति जो अच्छे कपड़ों में बड़े साहब समान थे, उससे बहुत कड़कदार धीमी आवाज में कहा -"पॉकेट मारी करते हो ?" मंगल सकपका गया। उन साहब ने अपने दूसरे हाथ से उसका पर्स छीन लिया और कहा - "क्या काम नहीं कर सकते तुम, जो यह चोरी-चकारी करने लगे हो?" मंगल ने बहुत मुश्किल से डरी आवाज में कहा - "साहब मैं भी नौकरी करता था परंतु नौकरी छूट गई है और किसी तरह मजदूरी कर बच्चों का पेट तो भर देता हूँ लेकिन उनकी पढ़ाई और अन्य जरूरत पूरा नहीं कर पाता। आज यह पहली बार मैं कर रहा हुं,मुझे क्षमा कर दें।" उन साहब ने कहा-"अगर अभी मैं सबको बोल दूँ तो सभी तुम्हें इतना पीटेंगे कि तुम जिंदा भी नहीं बचोगे।" मंगल भय और घबड़ाहट में रो पड़ा -"नहीं साहब ऐसा मत कीजिए, मुझे माफ कर दें साहब। बस यह पहली बार मेरी गलती थी।अब आगे कभी नहीं करूँगा। मुझे माफ कर दें। चलिए इसे आपके सामने ही पुलिस वाले को दे देता हुँ, वह अनाउंस करके जिनका पर्स खोया है उन्हें वापस कर देंगे।" उन साहब ने पर्स खोला और देखा उसमें नोट काफी अधिक था 500,2000 और 100 के भी नोट थे। लग रहा था 15000-20000 से कम नहीं,उससे अधिक ही होंगे। उन बड़े साहब ने एक पाँच सौ का नोट उसे निकाल कर दिया -"लो इसे रख लो, बच्चों के लिए कुछ ले जाना, मैं इसे ले जाकर दे दूँगा पुलिस वाले को।" उसने कहा - "पर साहब जब पुलिस वाले साहब पैसे वापस लौटाएँगे तो वह कहेंगे नहीं कि पाँच सौ रूपये कम हैं।" उन साहब ने कहा - "वह चिंता तुम मत करो मैं समझा दूँगा उन्हें। तुम चुपचाप चले जाओ अब यहाँ से और पलट कर देखना भी मत नहीं तो ठीक नहीं होगा, किसी को पता चल गया तुमसे यह पर्स मिला है तो तुम्हें जेल में डाल दिया जाएगा। वह घबड़ाया हुआ आगे बढ़ गया। मंगल इतना अधिक भयभीत हो गया था कि पीछे पलट कर देखने की बात तो बहुत बड़ी थी वह कहीं रुक भी नहीं रहा था। उस स्थान को छोड़कर वह तेजी से चला जा रहा था। इधर उन साहब ने पर्स अपने पॉकेट में डाला और पुलिस वालों से विपरीत दिशा में चल दिए। " बुद्धू... ! खैर मुझे क्या ! मेरा तो... गया ।" स्वयं से बात करते हुए पर्स वाले पॉकेट थपथपा कर मुस्कुरा उठे।



निर्मला कर्ण

# चुप! यहाँ 150 शहीद सोए हैं



अनिता रश्मि



झारखंड के छोटे से जिले चतरा में इतिहास का एक ऐसा अल्पज्ञात रहस्य छिपा है, जिसे फिल्म का रूप देकर पूरे देश-विदेश को स्वतंत्रता की लड़ाई के निम्न जाँबाजों से परिचय कराया जा सकता है। फिल्म एक बड़ा, उल्लेखनीय, सर्व सुलभ माध्यम है। सामाजिक, सांस्कृतिक चेतना जगाने के साथ देशभक्ति और देशभक्तों से परिचय कराने में भी इसका महत्वपूर्ण उपयोग किया जा सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए मैं चतरा के उन 150 वीरों की शहादत का वर्णन कर रही हूँ, जिन्होंने सिपाही विद्रोह के समय अहम भूमिका निभाई थी। फिल्मकारों के लिए एक बड़ा विषय है यह।

**फांसी तालाब या हरजीवन तालाब**

कभी एक गीत अंग्रेजों के समय के कमीश्नरी चतरा ( झारखण्ड ) की गलियों में गूँजता था। आज झारखंड का छोटा सा जिला चतरा इस गीत को भूल चुका है। समाज की विभिन्न स्थितियों-परिस्थितियों, घटनाओं पर झारखण्ड के गाँवों - कस्बों में लोकगीत, लोककथाएँ सृजित की गई हैं। रचनाकारों का नाम कोई नहीं जानता पर इन गीतों, कथाओं में समय का सच छिपा होता है। इस गीत में भी 1857 का महत्वपूर्ण सत्य छिपा है। गदर के शहीदों की गाथा छिपी है। सिपाही विद्रोह के क्रांतिवीरों का हुँकार छुपा है। जेल रोड, एस बी आई के पीछे स्थित फाँसी तालाब, चतरा में यह सत्य उद्घाटित होता है। शहीदों का सच !

जानते हैं, ये शहीद कौन, कब के हैं? ये शहीद प्रथम सिपाही विद्रोह के रणबाँकुरें हैं। सिपाही गदर के नायक मंगल पांडे के द्वारा विद्रोह का बिगुल बैरकपुर में बजाते ही पूरे देश में सिपाहियों ने विद्रोह कर दिया था। रामगढ़ कैन्ट में भी ज्वार सा उठा।

1857 के मध्य में भोजपुर के अमर सेनानी वीर कुंवर सिंह की सेना से मिलने रामगढ़ बटालियन की 8वीं नेटिव इन्फैंट्री के 150 जवान एक साथ हथेली पर सर लेकर निकल पड़े। उनका नेतृत्व जयमंगल पांडेय (संयोग से दोनों का नाम एक ) एवं नादिर अली नामक सूबेदारों ने किया था।

चतरा के हरजीवन तालाब के पास दमन के लिए निकली मेजर इंगलिश की विशाल सेना से इनका सामना हो गया। दोनों मात्र 150 सैनिकों के सहारे मेजर इंगलिश की विशाल सेना के साथ चतरा के इसी स्थान पर भिड़ गए। भयंकर युद्ध हुआ। मुट्ठी भर विद्रोही सेना ने जमकर लोहा लिया। जाति-धर्म की सोच से परे देश के लिए वीर रणबाँकुड़ों ने वीरतापूर्वक लड़ते हुए 58 आततायी दुश्मनों को मार गिराया। मेजर इंगलिश की सेना के उन शवों को एक साथ तीन कब्रों में ही दफना दिया गया। एस. बी. आई. चतरा के पास वह स्थान भी है।

प्रायः शिकार खेलने के लिए चतरा कमिश्नरी में आया करते थे अंग्रेज अफसर, सत्तासीन लोग। अब वीरों को रौंदने के लिए जुट आए थे।
क्रूरता के पर्याय अंग्रेजों की विशाल, साधनसंपन्न, आधुनिक हथियारों से लैश मेजर इंगलिश की सेना से जय मंगल पांडेय, नादिर अली की सेना को अंततः हारना ही था। हारना पड़ा। अद्भुत वीरता दिखाने के बावजूद विशाल अंग्रेज सेना के सामने मुट्ठी भर विद्रोही सैनिक टिक नहीं पाए। क्रांति की मशाल लेकर चलनेवाले उन क्रांतिकारियों की वीरता देखने लायक थी।

बाद में भारतीय सैनिकों को पकड़ कर हरजीवन तालाब के चारों ओर के वृक्षों पर फाँसी दे दी गई। कुछ लोगों का कहना है, शहीद हो गए सैनिकों की लाशों को लटका दिया गया था । इस बारे में शोध की आवश्यकता। अंग्रेजों का शिकारगाह चतरा आजादी के परवानों की लाशों से पट गया। स्थानीय लोगों ने गीत में उन्हें अमर कर दिया था तब। गाँव-गाँव, गली-गली में गूँजने लगा था -

जयमंगल पांडेय, नादिर अली
दोनों सूबेदार रे !
दोनों मिल फाँसी चढ़े,
हरजीवन तालाब रे!!

' हरजीवन तालाब ' फाँसी तालाब के नाम से विख्यात हो गया। जो सरोवर सबका जीवनदाता था, वह शवगाह बन गया। जीवनदायी सरोवर का फाँसी तालाब में परिवर्तित हो जाना बहुत कुछ कहता रहा, बहुतों को जगाता रहा। वहीं बारा समिति ने 1960 में स्मारक बनवाया। फिर 1979 में जीर्णोद्धार किया गया। अब खस्ताहाल। दीवारें दरक रहीं हैं। शिलापट पीला, धुँधला पड़ गया है अब। उनके प्रयास ने ही उन शहीदों की यादों को संजोने की कोशिश की। स्मारक की एक तरफ यही गीत लिखा हुआ है, तो दूसरी तरफ है -

शहीदों की मजारों पर लगेंगे
हर बरस मेले
वतन पर मरनेवालों का बाकी
यही निशां होगा

फाँसी तालाब धीरे -धीरे सिकुड़ - सिमट रहा है। एकदम छोटा, गंदला, डरावना हो गया है। पहले वहाँ जाकर तालाब के चारों ओर घूमने पर एकदम जीवंत लगता था। गाछों से आच्छादित था बड़ा सा गहरा तालाब। फाँसी तालाब के चारों ओर के पुराने पेड़ खत्म हो गए हैं। जिन विटपों पर फाँसी दी गई थी, उनमें से एक भी नहीं बचा है। शायद उन महान वीरों का शव ढोनेवाले वृक्षों को उनकी उपेक्षा बर्दाश्त नहीं हुई। नए वृक्ष भी काफी कम हो गए हैं। जो बच गए हैं, वे मृतप्राय ! हाँफते-काँपते, सिसकते हुए ।

वर्षों से बाट जोह रहा है यह स्थान, अपने उत्थान की , अपने पहचान की। बस, यही कामना है फाँसी तालाब और उन गाछों की कि उन्हें बचाकर देश की नई एवं आगामी पीढ़ी को इनके बारे में बताया जाए। रट रहा है सालों से हरजीवन तालाब, बचा लो हमें, हम जीना चाहते हैं।

## कुंभ स्नान



मैंने कहा,
जिंदगी एक सफर है
सुहाना।
श्रीमती जी बोली,
सिर्फ उनके लिए
जो कुंभ जा कर आ
चुके हैं!
मेरा तो अभी भी बाकी है
वहां जाना।
मैंने कहा, अरी!
शांति से रह अपने नीड़ में
वहां खामख्वाह खो
जाएगी
कुंभ की भीड़ में।
वो बोली,
ऐसा कुछ नहीं होगा,
क्योंकि वहां हैं योगी।
और अगर हो भी गया
तो क्या !
तुम्हारी मनोकामना ही
पूर्ण होगी।
मैंने कहा,अरे नहीं यार!
तेरे बिना कहां
ये दीपक जलता है,
और अगर तुम न हो तो
मुझे घर में
चड्डी बनियान तक
नहीं मिलता है।
इसलिए मैं
जुगाड़ बैठाता हूं कल,
घर बैठे ही तुझे मंगवा दूंगा
कुंभ का जल।
वो बोली,वो तो ठीक है,
पर आयेगी नहीं वो फील!
मुझे तो वहां जा कर
बनानी है रील।
मिलना है मोनोलिसा से
आई टी बाबा से,नागा
साधू से,
रुबरु होना है
गंगा मईया के जादू से।
देखो! भोले बाबा बुला
रहे हैं,
सच-सच बोलो,
क्या तुम्हारा दिल में
वहां के,
सपने नहीं आ रहे हैं!
मन नहीं कर रहा है
वहां जा कर नहाने का,
रील बनाने का,
सबको दिखाने का।
देखो आजकल जिस
तरह का
ट्रेंड चल रहा है,
मुझे तो लगता है कि
सरकार के दिमाग में भी
कुछ पल रहा है!
शायद कल को कुछ
ऐसा किया जाएगा,
कि कुंभ नहाने की
रील देखकर ही लोगों को
आधार कार्ड दिया जाएगा।
वहां नहाने वाले ही
आयुष्मान होंगे,
और जिसने जितनी
ज्यादा
डुबकी लगाई,
वो उतने ज्यादा
महान होंगे।
शायद इसीलिए लोग
कुंभ नहा रहे हैं,
आलोचना करने वाले भी
छुप-छुप कर जा रहे हैं।
इसलिए तो मैं कहती
हूं कि,
चलिए पतिदेव!
हम भी संपन्न करते हैं,
ये अति आवश्यक काज।
एक आदर्श नागरिक
बन कर
चलते हैं प्रयागराज।



दीपक वर्मा दीप



## मुट्ठी भर सुख

अभावों की चादर ताने
टुकुर टुकुर देखती,
जीवन से भरी
सीपियों सी वो आँखें,
आभावों में भी
उम्मीद की रोशनी से
चमकते,
मुस्कुराते चेहरे, और
पके घाव सी दुखती
जरूरतें,
जो कभी चैन न लेने
देतीं,
गरीबी की काली
मनहूस,
अभेद्य दीवार पर पड़ी,
जरूरतों की दरार जो थोड़ी सी
भर जाती कभी,
तो खुशी की एक किरण भी
मलहम लगा जाती,
रिसते घावों पर,
और बुझ जाती,
टहटह करती व्यथा,
मुट्ठी भर सुख में भी जाने कैसे
हँसती रहती कुछ आँखें,
वह हँसी, मानों हँसी न हो,
अट्टहास हो,
विद्रूप हो, व्यंग हो,
एक तमाचा हो
इस समाज पर,
जो कहता है,
हँसी पर हमारा भी अधिकार है।



रीना सिन्हा सलोनी

**काव्य कोना**

### बेचैन - व्यग्र

कैसे याद करुं याद आने के बाद
भूलाने की कोशिश भूल जाने के बाद
सिहरन बन उठती है टीस मन में
जाने-न-जाने किस कोने में बैठा।
एकांत में बैठा एकाकी नहीं
भीड़ में बैठा भीड़ से अलग
सूरज के नीचे बैठा
जाने-न-जाने कहां ठंढक ढूंढ रहा है।
आदम का वंशज वंश की खोज में
जोड़ता है तोड़ता है फिर जुड़ता है
कभी-कभी असमंजस में असामान्य हो
जाने-न-जाने कहां सहजता सरलता ढूंढता है।

नाग मणि

## चाक

सुगना कुम्हारिन के हाथ बिजली की गति से चाक को घुमा रहे थे। पीठ पर छौआ मनी को बांधे पसीने से लथपथ उसे आज ही सब निबड़ला मिट्टी* खतम करना है। जब से उसका आदमी कैलाश मरा है, एक दिन का नागा नहीं की है। तीन बच्चा को और अपना जवानी को बचा के रखने का एक्के उपाय है सुगना के पास, समय पर शादी का मौसम का और दीवाली का माल चाईबासा वाले बड़का ठेकेदार को बेच के पैसा नकदी लेना। नहीं तो पहिला बारिश गिरेगा और चाक का पहिया रुक जाएगा। सुगना सोचती जा रही थी- "चाक का पहिया और सुदर्शन चक्र एक्के जैसा तो होता है, दोनों बारिश के मौसम में बेकार। भगवान जगन्नाथ तो घुरती रथ के बाद चक्र के साथ सो जाते हैं और कुम्हार का चाक बारिश के कारण सो जाता है। लेकिन भगवान को छौआ सबका पेट नहीं न पोसना रहता है। हे जगन्नाथ बाबा; ई मानसून और आगे ढकेल दो जो सब दीया और दिवाली का बर्तन सुखा लें, नहीं तो पहिला बारिश सब धो देगा!!" सुगना आकाश में काले बादलों को देख रही थी और नीचे चाक तीव्र गति से घूम रहा था। "निबड़ला मिट्टी - बर्तन बनाने के लिए कुम्हारों द्वारा तैयार की गई मिट्टी"।



डॉ आकांक्षा चौधरी

## गुपचुप

'पैसे कमाते-कमाते मुझे कितना घमंड हो गया है! मुझे हर गरीब बहुत हीं तुच्छ दिखाई देता है। मेरे कठोर व्यवहार ने कोमल मन को पूरी तरह कुचल दिया है।.... नंदिनी के पिता ने भी गरीब होने के कारण मेरी काफी बेइज्जती की थी और नंदिनी का असमय मौत एक ऑटो वाले के लापरवाही के कारण हो गया था।....नंदिनी के अनमोल उपहार को किसी के साथ साझा नहीं करना चाहता था और एकाकी जीवन को अपनाकर कठोर हृदय वाला बन गया हूँ।..... शायद मैं इसलिए चिड़चिड़ा हो गया हूँ।'अपने बच्चों के प्रश्नों से आज मिस्टर राजवीर स्तब्ध होकर अपनी गलतियों की पुनरावृत्ति अपने अंतर्मन में कर रहे थे।... 'मैं अपने नौकर, मैनेजर, ड्राइवर, केयरटेकर सभी को डांटने और बेइज्जत करने का अवसर ढूँढता रहता हूँ। इन लोग बहुत छोटे आदमी होते हैं, उनके साथ अच्छा व्यवहार करने की कोई आवश्यकता नहीं है। बच्चों के सामने कभी मैं बोलता कि मैं किसी के आगे हाथ नहीं फैलाता सब मेरे सामने हाथ फैलाते हैं इसलिए अमीर बनना बहुत जरूरी है।.... ओह! मैं कितना बुरा आदमी बन गया हूँ। मुझे अपने आप को बदलना पड़ेगा, नहीं तो मेरे बच्चों में अच्छी ऊर्जा का संचार नहीं हो पाएगा।' मेरी सोच में तब परिवर्तन हुआ जब पार्क के बाहर बच्चों के हठ करने पर मैं भी उनका मन रखने के लिए उनका साथ दे दिया था। "डैडी! आप तो बहुत अमीर और बड़े आदमी हैं, किसी के आगे हाथ नहीं फैलाते हैं तो फिर गुपचुप खाने के लिए क्यों हाथ फैला रहे हैं?... गुपचुप वाला तो छोटा और गरीब आदमी है।"



खुशबू बरनवाल 'सीपी'

## होली... है....

अगन कैसी लागी,
जली कैसी होली!!
बहक गया
फागुन,
दहक गई
चोली!!
लिए सौ-
सौ चेहरा
उतर आई
पूनम,
हर इक तन मंजीरा,
हर इक मन सरगम,
किसी ने ढोल थामा,
किसी ने भंग घोली!!
बहक गया फागुन,
दहक गई चोली!!
इधर......पिचकारी,
उधर........मुस्कानें,
किधर कौन भीगा
अब ये तो राम जानें,
लबों पे बनी ना-ना
शरम की ठिठोली!!
बहक गया फागुन,
दहक गई चोली!!
शहर...गाँव....पंथा,
बिरज जैसा....लागे,
समय का श्याम पीछे
उमर की गोपी आगे,
सजी है द्वारे-द्वारे
प्रणय की रंगोली!!
बहक गया फागुन,
दहक गई चोली!!



लखन प्रसाद "विक्रांत"

## होली

देश में शान्ति सद्भाव लायें सभी।
साथ मिलजुल के होली मनायें सभी॥
ईश ने तो किया सिर्फ
मानव खड़ा ।
बँट गये जाति धर्मों में, छोटा बड़ा ॥
भेद जाति धरम का मिटायें सभी।
साथ मिलजुल के होली
मनाएं सभी॥
आज रिश्तों में कैसी दरारें पड़ी,
देवरा से झगड़ आज भाभी खड़ी,
रिश्ता' भाभी दे'वर का जगायें सभी॥
साथ मिलजुल के होली मनायें सभी॥
अन्नदाता किसानों के घर हो खुशी,
खेतीबारी बढ़े और रुके खुदकुशी,
घर कृषक 'बेरुका' जगमगायें सभी।
साथ मिलजुल के होली मनायें सभी॥



विजय नारायण सिंह 'बेरुका'

# फागुन की फगुनाई जीवन में रंगों संग



डॉ आशा गुप्ता 'श्रेया'



शीत ऋतु के बाद,जब प्रकृति अंगड़ाई लेती है,तो बसंत के बहार के साथ ,प्रकृति के सुंदर उद्गार के संग जन-जन में फागुनी खुमार भी चढ़ने लगती है।जहाँ वन में पलाश अपनी नारंगी आभा से चमकता फागुन के आगमन का संदेश देता है, वहीं पुष्प झूम झूम कर गाते हैं। डालिया मस्त होकर झूमती हँसती हैं। खेतों में लहराती पीली सरसों के पुष्प,आम पर मंजर की शुरूआत पंछियों का चहकन,सुंदर मीठी बयार ... वाह ये फागुनी उमंग ..

झूरमुट में पंक्षी संग कोयलिया
करती कुहू गान
नव किरणों संग आया है
देखो फागुनी बिहान

ना ज्यादा ठंढ ना ज्यादा गर्मी की तपन.. खुशनुमा सा मौसम फागुन। विश्वरागिनी देवी माँ सरस्वती और भोले बाबा देवी पार्वती के विवाह की महाशिवरात्रि के हर्षाल्लास पूजन अर्चन से शुरू होता फाल्गुन के उमंग ,तरंग, हुड़दंग के साथ आशा, विश्वास, उर्जा एकता के संदेश के साथ होली/फगुआ/धुलेंदी रंगों का अनुपम अद्भुत त्योहार ..फागुन रंग में रंग हँसता है संसार । सदियों से यह अनुराग की रीति से चली आ रही जी। फाल्गुन मास ही ऐसा है जो अपने मादक सौंदर्य तथा बासंती पवन से लोगों को हर्षित करता है। फागुन चढ़ते ही सभी के चेहरें पर एक रंगत सी छा जाती है और रंगों के त्योहार होली /धुलेंदी की बेसब्री से इंतजार होने लगता है कि कब होली आएगी और हम एक-दुसरे के संग रंगों से खेलेंगे ललक लगी रहती है जी । बचपन की होली याद है ना? कई दिनों पहले से ही हमारी माताएं ,गृहणियाँ , खोया मेवा के लोभित करते गुझिए ,भुजिये नमकीन खुरमें सब होली के लिए बनाकर रखती जाती...! आज भी हमसबों की कोशिश रहती है...ये विशेष पकवान बनाकर परिवार, संगी साथियों संग होली खेलने की तैयारी करने का। फागुन आते ही श्री कृष्ण राधा की होली खेलने के सौंदर्य को ग्वाला समाज ढोल मृदंग, झाल संग फागुन के स्वागत में फगुआ का गीत गाते..शगुन करते हैं। रात्रि में ये गीत कर्णों को कितने मधुर लगते हैं ना। बिन राधा कृष्णा होली कैसे होये जरा सोचिए तो।

आज बीरज में होली रे रसिया...
प्रेम के रंगों का त्योहार होली राधा कृष्णा जी के दिव्य प्रेम का संदेश देता है ..।

"श्याम संग होली खेलब हो रसिया
खेले होली राधा रानी औ सखियाँ"

ब्रज में टेसू के फूलों की होली की परंपरा है, तो नंदगांव में लट्ठमार होली। अवसर मिले तो इसका आनंद अवश्य लीजिएगा।

नंदगाँव पहल चढ़ रहा, बरसाने का रंग
होली खेले राधिका कान्हा जी के संग

आप तो जानते ही हैं कि हमारी भारत संस्कृति में हमारा देश में विभिन्न त्योहारों को बड़े आनंद हर्ष उल्लास से मनाता है। भारत के चार प्रमुख त्योहारों में होली रंगों से भरा सजा त्योहार है, और भारत के हर प्रांत क्षेत्र में प्रेम उमंग सौहार्द से मनाया जाता है । यह धर्म लिंग जाति ,उम्र से उपर सबका त्योहार है। हिंदु पंचाग का आखिरी मास की पूर्णिमा फागुनी नक्षत्र कारण फाल्गुन मास कहलाती है। यह धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व रखता है। पूर्णिमा के होलिका दहन की पूजा वस्तुतः अग्नि पूजा है। हिरणकश्यप का पुत्र, प्रभु की भक्ति में सदालीन प्रह्लाद को जलाने के लिए अग्नि मे बैठी होलिका स्वयं जल कर राख हो गई, पर परमभक्त प्रह्लाद का बाल भी बाँका नही हुआ। तो यह अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। जहाँ उत्तर, पूर्व, पश्चिम और मध्य भारत में होली का उमंग ,हुड़दंग रहता है, तो हमारे दक्षिण भारत में फागुन में "उत्तिर" नामक मंदिरोत्सव का भव्य आयोजन बड़ी धूमधाम से किया जाता है। मालपूआ की खुशबू ललचाती है तो दही बड़े चटकदार जिह्वा को सहलाती है।जहाँ अनेक पकवान मन को प्रसन्न करते हैं , वहीं गीले सूखे लाल, पीला, हरा, नीला, नारंगी आदि रंगों से अबीर गुलालों भी और तरह-तरह की मिठाइयाँ भी...।

बच्चों में तो अनुपम उत्साह रहता ही है बडो.में भी उत्साह कम नही होता। याद है होली में बाबूजी अपने दोस्तों संग ढोल लेकर घर पर मंडली जमा करते, और माँ ठंढई संग पकवान परोसती। माँ की सहेलियों की मंडली भी कहाँ पीछे रहती भला। हम बच्चे भी रंग लगाते पिचकारी से भींगते भींगोते, मस्ती करते। रंगों से भरे चेहरे भींगें कपड़ों के साथ हाथ में पिचकारी संग हंसते बच्चे मोती से दाँत दमकाते। बड़े बुजुर्ग भी उत्साहित रहते, उनके चरणों पर अबीर रख प्रणाम करना और सुख सौभाग्य प्रगति का आशीष मिलता। सखी मित्रों को घर पर बुला कर रंग अबीर संग गले लगाते हैं। हैं ना अनुपम यह जीवन के विभिन्न रंगों से सजा फागुन। सारे वैर, मतभेद भूल सब रंगों भरी होली का आलिंगन करते हैं।

**संयोजक : नरेश अग्रवाल**

## डोमेस्टिक अब्यूज

तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा ऑडिटोरियम गूँज उठा।शिवानी हाथ जोड़े सबका शुक्रिया अदा करती शॉल पारितोषिक संभाले सधे कदमों से मंच से उतर कर दर्शक दीर्घा की तरफ जाने लगी। सामने की भीड़ में बेवजह उसकी आँखें किसी को ढूंढने की नाकाम कोशिश कर रही थी। घरेलू हिंसा से जाने कितनी महिलाओं को बचा कर उन्हें नयी जिंदगी दे चुकी शिवानी शहर की चुनिंदा सम्मानित हस्तियों के साथ आज महिला दिवस पर आयोजित सम्मान समारोह में आमंत्रित थी। घर के भीतर होने वाली शारीरिक मानसिक हिंसा के विरुद्ध महिलाओं को सजग करने,हिम्मत देने और उन्हें आत्मनिर्भर करने के लिए उसे विशेष रुप से आज राज्यपाल के हाथों ये सम्मान मिला था। अभी उसके जिस भाषण पर इतनी तालियाँ बजीं उसके शब्द जाने क्यों उसे स्वयं खोखले महसूस हो रहे थे जबकि कोई बनावट मिलावट नहीं थी उसकी बातों में। अपनी सीट पर बैठी ही थी कि फोन बज उठा।जिसे इतनी देर से नजरें तलाश रही थी उसी की तस्वीर स्क्रीन पर चमक उठी। बाहर की तरफ देखती उठ खड़ी हुई। "हाँ कहो..." शिवानी ने उत्साहित हो फोन रिसीव किया पर दूसरे ही पल चेहरे की चमक सहसा विलुप्त हो गयी उधर की लगभग चीखती आवाज सुनकर... "जब देखो घर से गायब,फोन लगाओ तो वो भी उठाना नहीं हद है , घर में पांव टिकता नहीं मैडम का..." उधर से पति की आवाज भेदती हुई लगी। "वो दरअसल आज मुझे अवार्ड..." शिवानी की बात अधूरी रह गयी,उधर से सीधा आदेश "फटाफट मेरा बैग पैक कर के रखो मुझे मुंबई निकलना है,समझ आई मेरी बात ..." "सॉरी मयंक अभी निकलना पॉसिबल नहीं है मेरा,आज पैकिंग खुद कर लो। तुम्हें पता तो है न आज मेरा फेलिसिटेशन है राज्यपाल के हाथों,कैसे आऊँ अभी" कह कर फोन काट दिया शिवानी ने। खुद के कहे शब्दों का खोखलापन सहसा अब भर गया था।



रश्मि सिंह

### आज का दोहा

पहले जैसे घूमते, बने 'स्वर्ण मृग' आज।
सकते में हैं राम जी, क्या माया का राज।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# 113 साल का हुआ बिहार, राष्ट्रपति और पीएम ने दीं शुभकामनाएं

**एजेंसी। पटना**

बिहार आज 113 साल का हो गया। बिहार दिवस को लेकर केन्द्र से लेकर राज्य ने मंत्रियों ने शुभकामनाएं दी हैं। पटना के गांधी मैदान में बिहार दिवस को लेकर भव्य आयोजन भी किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,अमित शाह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित तमाम नेताओं ने शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बिहार के लोगों को राज्य स्थापना दिवस पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि वे अपनी प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत के बल पर विकसित भारत के निर्माण में योगदान देते रहेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर लिखा कि बिहार दिवस पर राज्य के सभी निवासियों को मैं हार्दिक बधाई देती हूं। बिहार की धरती प्राचीन काल से ही ज्ञान और विकास का केंद्र रही है। मेरा विश्वास है कि बिहार के निवासी अपनी प्रतिभा, दृढ़ संकल्प तथा परिश्रम के बल पर विकसित बिहार और विकसित भारत के निर्माण में अपना भरपूर योगदान देते रहेंगे।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वीरों और महान विभूतियों की पावन धरती बिहार के अपने सभी भाई-बहनों को बिहार दिवस की ढेरों शुभकामनाएं। भारतीय इतिहास को गौरवान्वित करने वाला हमारा यह प्रदेश आज अपनी विकास यात्रा के जिस महत्वपूर्ण दौर से गुजर रहा है, उसमें यहां के परिश्रमी और प्रतिभाशाली बिहारवासियों की अहम भागीदारी है। हमारी संस्कृति और परंपरा के केंद्र-बिंदु रहे अपने इस राज्य के चौतरफा विकास के लिए हम कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे।

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सभी बिहारवासियों को 'बिहार दिवस' की हार्दिक शुभकामनाएं। ज्ञान, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत की भूमि बिहार ने हमेशा देश को नेतृत्व और नई ऊर्जा प्रदान की है। इतिहास के गौरवशाली अध्यायों से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण तक, बिहार ने हर क्षेत्र में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में NDA सरकार बिहार को प्रगति, समृद्धि और आत्मनिर्भरता की नई ऊँचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेशवासियों की सुख, शांति और उन्नति की कामना करता हूँ। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, अतुल्य परंपरा, शौर्य एवं ज्ञान की भूमि बिहार के स्थापना दिवस पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई व अनंत शुभकामनाएं देता हूं। भगवान बुद्ध और महावीर की तपोस्थली बिहार ने अपने ज्ञान, दर्शन और अध्यात्म के प्रकाश से सदैव सम्पूर्ण विश्व को आलोकित किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार दिवस के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

## पति की हत्या करने के बाद मुस्कान ने मनाली में प्रेमी के साथ मनाई थी होली



**मेरठ।** इन दिनों मेरठ में मर्चेंट नेवी अधिकारी की मौत का मामला सुर्खियों में बना हुआ है। मर्चेंट नेवी की पत्नी ने ही अपने पति की प्रेमी के साथ मिलकर हत्या की है। अपने मर्चेंट नेवी अधिकारी पति सौरभ राजपूत की हत्या करने के बाद महिला ने शव को काटा और सीमेंट से भरे ड्रम में छिपाया था। इसी बीच आरोपी महिला मुस्कान रस्तोगी अपने प्रेमी साहिल शुक्ला के साथ मनाली में होली मना रही थी। मनाली में होली मनाने का वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें मुस्कान बेफिक्री से नाचती और रही थी और पोज दे रही थी। 14 मार्च को होली मनाने के वीडियो में मुस्कान और साहिल कैमरे की तरफ देखकर मुस्कुराते हुए नज़र आ रहे हैं। दोनों के चेहरों पर रंग लगा हुआ है। वे धीरे-धीरे झूम रहे हैं, उनके गाल आपस में चिपके हुए हैं, जबकि साहिल, जो नशे में लग रहा है, अपने दाहिने हाथ से खुशी के इशारे कर रहा है। बैकग्राउंड में संगीत बज रहा है, और दूसरे लोग भी दिखाई दे रहे हैं, जिससे पता चलता है कि वे एक समूह के साथ त्योहार मना रहे थे।

मेरठ हत्याकांड में पुलिस ने अपनी जांच तेज कर दी है। मेरठ पुलिस मुस्कान और साहिल के मनाली में रहने के बारे में जानकारी जुटा रही है, उन्होंने 15 दिनों तक वहां क्या किया और कहां-कहां गए। पुलिस ने बताया कि वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों शिमला, मनाली और कसौली गए थे।

उन्होंने मेरठ से 44,000 में टैक्सी किराए पर ली। पूछताछ के दौरान साहिल ने खुलासा किया कि वह 2020-21 तक नशा करता था और मुस्कान शराब की आदी थी। पुलिस को शक है कि सौरभ की हत्या के बाद मुस्कान और साहिल ने नशा करने के लिए यात्रा की। मेरठ पुलिस की कुछ टीमें ड्रग एंगल पर जांच तेज करने के लिए शिमला और मनाली जाएंगी।

इस बीच मुस्कान का एक ऑडियो सामने आया है। उसने साहिल के लिए बर्थडे केक मंगवाया था और कैब ड्राइवर को ऑडियो मैसेज भेजकर केक मंगवाया था। उसने ड्राइवर से कहा कि उसे फोन न करे और केक होटल के

## दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे 18 बांग्लादेशी गिरफ्तार



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राजधानी में दक्षिण दिल्ली जिला पुलिस ने यहां अवैध रूप से रह रहे 18 बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 23 मतदाता पहचान पत्र, 19 पैन कार्ड , 17 आधार कार्ड, 1 सीपीयू., 11 जन्म प्रमाण पत्र और 6 खाली मतदाता पहचान पत्र बरामद हुए हैं।

यहां पुलिस मुख्यालय में आज एक प्रेस वार्ता में डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि पकड़े गए इन 18 बांग्लादेशियों में 6 को एफआरआरओ के माध्यम से बांग्लादेश भेज दिया गया है। आठ बांग्लादेशी पुलिस की गिरफ्त में हैं जबकि चार से पूछताछ चल रही है। उनसे पूछताछ में कुछ अन्य खुलासे संभव हैं। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान मोहम्मद ज्वेल इस्लाम, मोहम्मद आलमगीर, मोहम्मद लतीफ खान, मोहम्मद नदीम शेख, मोहम्मद मिजानुर रहमान, रबीउल पुत्र जहांगीर हुसैन, मोहम्मद रेजाउल और कमरुज्जमां के रूप में हुई है।

डीसीपी के अनुसार बांग्लादेशी नागरिकों को शरण देने, उनके पहचान संबंधी फर्जी दस्तावेज तैयार करने और हवाला के जरिए रुपये बांग्लादेश भेजने के आरोप में 8 भारतीय नागरिकों को भी गिरफ्तार किया गया है। इनकी पहचान निजामुद्दीन निवासी मोहम्मद मोइनुद्दीन, निजामुद्दीन बस्ती निवासी मोहम्मद शाहीन, पुलपहलादपुर निवासी जुल्फिकार अंसारी, जावेद, फरमान खान, मनवर हुसैन, निमाई कर्माकर और गौरांग दत्ता के रूप में हुई है।

निजामुद्दीन बस्ती निवासी मनवर हुसैन दरगाह हजरत निजामुद्दीन में काम करता है। वह अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों से नकद रुपये एकत्रित कर बांग्लादेश में उनके परिवार व रिश्तेदारों के पास भेजने का काम करता था। इसी तरह पश्चिम बंगाल निवासी निमाई कर्माकर एक लाइसेंसी विदेशी मुद्रा एजेंसी आपरेट करता है है। वह बांग्लादेशियों के रुपये उनके परिवार के पास भेजता था। पश्चिम बंगाल का रहने वाला गौरंगा दत्ता भी लाइसेंस प्राप्त विदेशी मुद्रा एजेंट है। वह भी रुपये बांग्लादेश भेजने का काम करता था।

## बस पलटने से 20 घायल

**हुगली।** हुगली जिले के पुरसुरा के हरिहर इलाके में शनिवार सुबह करीब नौ बजे एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में 20 यात्री घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार यात्री बस पंसुली से तारकेश्वर जा रही थी। बस की गति बहुत अधिक थी। उसी समय बस का नियंत्रण खो गया और वह सड़क के किनारे पलट गई। प्रारंभिक तौर पर बताया गया है कि इस घटना में लगभग 20 यात्री घायल हुए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यांत्रिक समस्या के कारण बस का नियंत्रण खो गया। इसी कारण यह दुर्घटना घटी। बस खानकुल के पंसुली से तारकेश्वर जाते समय पुरसुरा के हरिहर इलाके में पलट गई। उस समय प्रारंभिक तौर पर बताया गया है कि इसी वजह से बस ने नियंत्रण खो दिया। दुर्घटना की खबर मिलते ही पुरसुरा पुलिस स्टेशन के ओसी शुभोजित दे घटनास्थल पर पहुंचे। घायलों को वहां से निकालकर पुरसुरा ब्लॉक अस्पताल ले जाया गया। घायलों को वहां प्राथमिक उपचार दिया गया। घायलों में से एक की हालत गंभीर होने के कारण उसे आरामबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाकी लोगों को प्रारंभिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। दुर्घटना के संबंध में बस चालक गणेश घोष ने कहा, "बस सुबह 7:05 बजे पंसुली से रवाना हुई थी।

# एक नजर

## बिहार सरकार 2025-26 में ग्रामीण क्षेत्रों में 700 नये छोटे पुल बनाएगी: मंत्री

**पटना।** बिहार सरकार में ग्रामीण कार्य विभाग ( आरडब्ल्यूडी ) मंत्री अशोक चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार अगले वित्तीय वर्ष में ग्रामीण क्षेत्रों में 700 नये छोटे पुल बनाएगी। मंत्री ने वर्ष 2025-26 के लिए आरडब्ल्यूडी के 11,101.64 करोड़ रुपये के बजट प्रस्ताव पेश करते हुए यह बयान दिया। अगले वित्तीय वर्ष के लिए विभाग का बजट विधानसभा द्वारा ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। मंत्री ने कहा, "वर्ष 2025-26 में विभाग राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में 3,000 करोड़ रुपये की लागत से 700 नये छोटे पुलों का निर्माण करेगा।" उन्होंने कहा कि राज्य के भीतर ग्रामीण संपर्क में सुधार के उद्देश्य से बिहार सरकार ने पहले से बिना संपर्क पथ वाले बस्तियों तक हर मौसम में पहुंच सुनिश्चित करने के लिए कई ग्रामीण सड़क विकास योजनाएं शुरू की हैं। मंत्री ने कहा कि आने वाले महीनों में सभी ऐसे बस्तियों को उच्च गुणवत्ता वाली ग्रामीण सड़कों से जोड़ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना (एमएमजीएसवाई) के तहत विभाग ने वर्ष 2024-25 में अब तक 764 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया है जबकि वर्ष 2025-26 में विभाग अतिरिक्त 8,600 किलोमीटर सड़कों का निर्माण करेगा।

## सुप्रीम कोर्ट के छह जज पहुंचे मणिपुर

**मणिपुर।** सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के प्रतिनिधिमंडल के मणिपुर दौरे का स्वागत करते हुए कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने पूछा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य का दौरा कब करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी मणिपुर का दौरा करने गए छह न्यायाधीशों का स्वागत करती है। समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले 22 महीनों में सैकड़ों लोग मारे गए हैं, करीब 60,000 लोग विस्थापित हुए हैं और आश्रय गृहों और राहत शिविरों में रह रहे हैं। 13 फरवरी को राष्ट्रपति शासन लागू हो गया, लेकिन सवाल उठता है। जब खुद सुप्रीम कोर्ट ने 1 अगस्त 2023 को कहा था कि मणिपुर में संवैधानिक व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है, तब भी राष्ट्रपति शासन लागू करने में 18 महीने क्यों लग गए? रमेश ने पूछा कि यह अच्छी बात है कि सुप्रीम कोर्ट के जज चले गए, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि प्रधानमंत्री कब आएंगे? न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश, न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सहित सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मणिपुर के चुराचांदपुर में एक राहत शिविर का दौरा किया।

## राम जन्मभूमि में मंत्री मनसुख मांडविया ने राम लला का लिया आशीर्वाद



**अयोध्या।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने हनुमानगढ़ी में हनुमान जी महाराज एवं श्रीराम जन्मभूमि में विराजमान श्री रामलला सरकार के दर्शन-पूजन कर रामनगरी के संतों व महंतों का आशीर्वाद लिया। शनिवार को एयरपोर्ट पर गोंडा सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह, हनुमानगढ़ी के पुजारी हेमंत दास ,महंत बलरामदास ने समर्थकों के साथ मंत्री का जोरदार स्वागत किया। मंत्री मनसुख को हनुमानगढ़ी में संकटमोचन सेना के अध्यक्ष महंत संजय दास ने गदा भेंट कर आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर महंत मणिराम दास ,महंत उपेंद्र दास ,पुजारी राजन बाबा, बाबा इंद्र देव दास , पुजारी सरवन दास, पुजारी अनिल दास , पहलवान मनोज दास सहित सैकड़ों संत-महंत एवं वैदिक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सिवान बालिका गृह से फरार बच्चियां 12-18 घंटे में कर ली जाएंगी बरामद : डीएम

**सिवान।** बिहार के सिवान जिले के जीरादेई थाना क्षेत्र के भैसाखाल गांव स्थित बालिका गृह से 13 किशोरियों के फरार होने का मामला सामने आया। इस घटना के बाद प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। सभी लड़कियां रात के अंधेरे में वार्डन और गार्ड को चकमा देकर फरार हो गईं। फरार लड़कियों की पहचान विभिन्न मामलों में बरामद की गई नाबालिगों के रूप में की गई है।

## अररिया में मारा गया मोस्ट वांटेड चुनमुन झा

**एजेंसी**

**अररिया।** बिहार के अररिया जिले में शुक्रवार देर रात एक बड़ी पुलिस कार्रवाई हुई, जिसमें कुख्यात अपराधी चुनमुन झा मुठभेड़ में मारा गया। यह एनकाउंटर नरपतगंज थाना क्षेत्र के थलहा नहर के पास रात करीब 2:30 बजे हुआ। पुलिस और स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की संयुक्त टीम चुनमुन झा को पकड़ने गई थी, जो लूटपाट की कई घटनाओं में वांछित था। मुठभेड़ में चुनमुन की मौत हो गई, जबकि छह पुलिसकर्मी भी घायल हो गए। घायलों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। पुलिस के मुताबिक, चुनमुन झा पलासी गांव का रहने वाला था और उसका असली नाम विनोद झा उर्फ फतन झा था। वह आरा और पूर्णिया के तनिष्क शोरूम लूटकांड सहित कई बड़ी वारदातों



में शामिल था। उसे पकड़ने के लिए पुलिस और एसटीएफ की टीम ने थलहा नहर के पास छापेमारी की। इस दौरान अपराधियों ने पुलिस पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। इस मुठभेड़ में चुनमुन झा को गोली लगी और वह मौके पर ही ढेर हो गया। मुठभेड़ में घायल होने वाले पुलिसकर्मियों में नरपतगंज थानाध्यक्ष कुमार विकास, एसटीएफ इंस्पेक्टर मोहम्मद मुश्ताक, चालक नागेश, जेसी शहाबुद्दीन अंसारी और दीपक कुमार शामिल हैं।

## पश्चिम बंगाल में महिलाएं असुरक्षित : फाल्गुनी पात्रा

**एजेंसी**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के साथ हुई कथित अभद्रता के बाद भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की अध्यक्ष फाल्गुनी पात्रा ने शनिवार को विरोध प्रदर्शन रैली के दौरान राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में महिलाओं के लिए कोई सुरक्षा नहीं है। फाल्गुनी पात्रा ने आरोप लगाया कि महिलाओं को रोजगार नहीं मिलता और उनके लिए कोई कर्म संस्थान भी नहीं है। उन्होंने कहा कि स्कूलों और कॉलेजों में ओएमआर शीट की फर्जीवाड़े से जो नौकरियां चुराई गईं, उन मामलों को लेकर उन्होंने विरोध किया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। पात्रा ने आगे कहा कि राज्य सरकार ने जो प्रस्ताव दिया




है कि महिलाओं को बार, आबकारी दफ्तर या नाइट क्लबों में काम दिया जाएगा, वह उनके विरोध का कारण नहीं है, लेकिन यह विडंबना है कि ममता बनर्जी खुद कहती हैं कि राज्य में महिलाएं रात को काम न करें, क्योंकि यहां परिस्थितियां सुरक्षित नहीं हैं। फाल्गुनी पात्रा ने यह भी कहा कि राज्य में हर रोज महिलाओं के साथ अपमान हो रहा है, बलात्कार हो रहे हैं और उनका शारीरिक शोषण किया जा रहा है।

## उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में पति ने पत्नी और तीन बच्चों को मारी गोली, दो की मौत



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के थाना गंगोह इलाके में योगेश रोहिला ने अपने तीन मासूम बच्चों और पत्नी को गोली मार दी। गोली लगने से दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी और एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हैं। उन्हें नाजुक हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी के एक राजनीतिक दल से जुड़े होने की बात भी सामने आई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सजवान ने बताया कि योगेश रोहिला नामक एक व्यक्ति का फोन आया था। उसने खुद ही पुलिस को फोन करके अपने तीन बच्चों और पत्नी को गोली मारने की जानकारी दी। मौके पर पुलिस पहुंची तो अभियुक्त ने बताया कि उसे पत्नी के चरित्र पर शक था। इस कारण उसने इस घटना को अंजाम दिया है।

## बिहार में कानून-व्यवस्था बहुत अच्छी, विपक्ष सवाल कर उपहास न उड़ाए : अजय आलोक

**नई दिल्ली।** बिहार में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। राजद नेता तेजस्वी यादव राज्य में अपराध की घटनाओं का जिक्र करते हुए पिछले कुछ समय से नीतीश सरकार पर लगातार हमलावर रहे हैं। इस बीच, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक ने शनिवार को सरकार का बचाव करते हुए दावा किया कि नीतीश सरकार में राज्य की कानून-व्यवस्था की स्थिति बहुत अच्छी है।

# आज का राशिफल

**मेष :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-1-5-7

**वृष :** परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरुआत हो सकती है। स्थाई सम्पत्ति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं। शुभांक-2-5-6

**मिथुन :** विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। शुभांक-5-7-9

**कर्क :** पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से कार्य सफल होंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-1-3-6

**सिंह :** दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-5-7-9

**कन्या :** रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-7

**तुला :** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। शुभांक-4-6-7

**वृश्चिक :** कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8

**धनु :** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। शुभांक-3-5-7

**मकर :** शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-4-6

**कुंभ :** विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाएं। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-5-7-9

**मीन :** क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोगो को आश्चर्य में डाल देंगें। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-1-5-8

## औरंगजेब की मानसिकता वाली पार्टी है कांग्रेस संविधान से चलेगा देश : प्रदीप भंडारी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कर्नाटक में सरकारी ठेकों में मुस्लिमों को चार प्रतिशत आरक्षण देने के निर्णय को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कांग्रेस पार्टी पर जमकर हमला बोला है। भंडारी ने कहा कि कांग्रेस औरंगजेब की मानसिकता वाली पार्टी है, जो बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के संविधान के प्रति विश्वास नहीं रखती। उन्होंने यह भी कहा कि जब डॉक्टर मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री थे, तो उन्होंने कहा था कि मुसलमानों को देश के संसाधनों पर पहला अधिकार मिलना




चाहिए, जो तुष्टिकरण की ओर इशारा करता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस यह भूल रही है कि भारत बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के संविधान से चलता है, न कि एक इस्लामी राज्य की तरह। भंडारी ने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार छत्रपति शिवाजी महाराज और छत्रपति संभाजी महाराज को इस देश की संस्कृति का प्रतीक मानती है, जबकि विपक्षी नेता जैसे राहुल गांधी, अखिलेश यादव और उद्धव ठाकरे औरंगजेब को भारत का प्रतीक मानते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ये नेता औरंगजेब की महिमा मंडन करने वालों के खिलाफ बोलने का साहस नहीं दिखाते हैं।

## दबदबा कायम करने के लिए बिल्डर ने दागी 11 गोलियां

### भूमि पूजन के दौरान फायरिंग से दहशत

**एजेंसी**

**पटना।** नौबतपुर में फायरिंग की घटना आम हो चली है। मौका चाहे खुशी का हो या फिर रंगदारी मांगने का, फायरिंग होना तो लाजमी है। ऐसा ही एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक युवक पिस्टल से खुलेआम एक के बाद लगातार 11 गोली हवा में दागता दिख रहा है। पहले तो लोगों ने समझा कि युवक बिहार दिवस के अवसर पर खुशी से झूमता हुआ फायरिंग कर बिहारवासियों को बिहारी होने का अहसास करा रहा है।

● **दबदबे के लिए फायरिंग**

लोगों को बाद में पता चला कि राजधानी जिले के नौबतपुर में एक परियोजना को लेकर किए जा रहे भूमिपूजन के मौके पर बिल्डरों के सहयोगियों



के से एक ने इलाके में दबदबा कायम रखने के लिए 11 राउंड हवाई फायरिंग की है। मौर्या होम बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कंपनी की ओर से किए जा रहे भूमिपूजन के अवसर पर हुई हवाई फायरिंग की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस वीडियो में युवक अपने दबदबे का प्रदर्शन करने के लिए हवाई फायरिंग करता नजर आ रहा है।

● **11 राउंड फायरिंग**

वीडियो में पीछे से आवाज आ रही है कि "11 गोली चलनी चाहिए," और फायरिंग शुरू कर देता है। नौबतपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि वायरल वीडियो की सत्यता की जांच की जा रही है। जांचोपरांत जो लोग भी सामने आएंगे अनुसार पर न्यायोचित कार्रवाई की जाएगी। इस वायरल वीडियो की एनबीटी स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं करता है। जांच के बाद ही वायरल वीडियो की प्रमाणिकता और वास्तविक स्थिति की पुष्टि हो सकेगी।

● **पुलिस एक्शन में**

स्थानीय प्रशासन भी मामले को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्रवाई की तैयारी में जुटा हुआ है। बाजार में दिनदहाड़े इस तरह की फायरिंग कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## उत्तर प्रदेश में सहकारिता आंदोलन को मजबूती प्रदान की जा रही है: योगी आदित्यनाथ

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को 'उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक' की 61वीं वार्षिक सामान्य निकाय बैठक में कहा कि सहकारिता आंदोलन को मजबूती प्रदान की जा रही है। उन्होंने इस अवसर पर 'उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक' के जिला सहकारी बैंकों और अन्य शेयर धारकों के खातों में 75 करोड़ रुपये से अधिक लाभांश की धनराशि ऑनलाइन भेजी। योगी आदित्यनाथ ने ग्राहकों को बैंकों की धोखाधड़ी से बचाने के लिए 'स्मार्ट बैंकिंग गाइड' पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के लाभार्थियों को ऋण के प्रतीकात्मक चेक भी प्रदान किए।



मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय प्रदेश के 16 जिला सहकारी बैंक बंद हो गए थे, उनके लाइसेंस जब्त कर लिए गए थे लेकिन प्रदेश सरकार के समक्ष उन्हें संचालित करने की चुनौती थी। आदित्यनाथ ने कहा, "हम सभी प्रधानमंत्री मोदी के आभारी हैं, जिन्होंने वर्ष 2019 में सहकारिता मंत्रालय का गठन कर सहकारिता आन्दोलन को एक नई जान दी और आज सहकारिता ने एक नया स्वरूप लेना प्रारम्भ किया है मुख्यमंत्री ने कहा कि 'कोऑपरेटिव' के क्षेत्र में सबसे ज्यादा सम्भावनाएं उत्तर प्रदेश में हैं।

## अगले 10 साल की वित्तीय स्थिति की पूरी योजना की जाए तैयार : मुख्यमंत्री धामी



**देहरादून (आईएएनएस)।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य में आगामी 10 साल की वित्तीय स्थिति की पूरी योजना तैयार की जाए। इस दीर्घकालिक योजना में आर्थिक और सामाजिक विकास, पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक तकनीक का उपयोग कर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि आगामी 10 वर्षों के राज्य के आय के संसाधन बढ़ाने के लिए आर्थिक विकास की रूपरेखा तैयार की जाए। राज्य की आर्थिकी से जुड़े पर्यटन, तीर्थाटन, ऊर्जा, कनेक्टिविटी, उद्योग, कृषि, ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, सामाजिक कल्याण और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सुनियोजित तरीके से कार्य किए जाएं।

## जंगल की आग को बुझाने में बाधा बनी तेज हवाएं, लोगों को घर खाली करने के निर्देश



**चांगवोन (आईएएनएस)।** दक्षिण-पूर्वी काउंटी सानचियोंग में लगी जंगल की आग को बुझाने में तेज हवाओं के कारण मुश्किलें आ रही हैं, जिसके कारण शनिवार को और अधिक घरों को खाली करने का आदेश दिया गया। योनहाप समाचार एजेंसी के अनुसार, सांचियोंग के काउंटी कार्यालय ने आठ शहरों के निवासियों को दोपहर तीन बजे तक तुरंत सुरक्षित स्थान पर जाने का निर्देश दिया। यह कदम काउंटी कार्यालय की ओर से जंगल की आग से प्रभावित सात गांवों के 213 निवासियों को पास के एक अनुसंधान केंद्र में भेजने के आदेश के एक दिन बाद उठाया गया। जंगल की आग से प्रभावित सात गांवों में से एक गांव के शख्स को धुएं के कारण अस्पताल में इलाज कराया गया।

## नाटो में शामिल नहीं हो पाएगा यूक्रेन, जेलेंस्की ने माना : मध्य पूर्व में अमेरिकी दूत

**कीव (आईएएनएस)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्य पूर्व में दूत स्टीवन विटकॉफ ने शुक्रवार को कहा कि यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने मोटे तौर पर स्वीकार कर लिया है कि यूक्रेन नाटो में शामिल नहीं हो पाएगा। अमेरिकी पत्रकार टकर कार्लसन के साथ एक इंटरव्यू में विटकॉफ ने कहा कि जेलेंस्की और यूक्रेनी राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख एंड्री यरमक ने 'काफी हद तक स्वीकार कर लिया है कि वे नाटो के सदस्य नहीं बनने जा रहे हैं। विटकॉफ ने कहा, "यदि कोई शांति समझौता होने जा रहा है, तो यूक्रेन नाटो का सदस्य नहीं हो सकता। मुझे लगता है कि यह बात काफी हद तक स्वीकार्य है। दूत ने यह भी दावा किया कि यूक्रेनी नेतृत्व ने चुनाव कराने पर सहमति जताई है, लेकिन उन्होंने कोई ब्यौरा नहीं दिया। कार्लसन के यह पूछने पर कि क्या यूक्रेन में चुनाव होंगे विटकॉफ ने कहा, "हां। होंगे।

### टेस्ला कार तोड़ने वालों को जेल भेजेंगे ट्रंप, कहा-

# दोषियों को सजा के लिए खतरनाक अल-सल्वाडोर में भेजा जाएगा

### ट्रंप ने लाल रंग की टेस्ला कार खरीदी, कहा- ये दुनिया की बेहतरीन कंपनी



ट्रंप ने 11 मार्च को लाल रंग की 'टेस्ला मॉडल एस' कार खरीदकर उनका समर्थन किया था। इस दौरान उन्होंने कहा था कि ये कार बहुत ही खूबसूरत है और उन्होंने ये बिना किसी डिस्काउंट के पूरी कीमत (80 हजार डॉलर) में खरीदी है। ट्रंप ने कार को टेस्ट नहीं किया और साफ किया कि वह टेस्ला नहीं चलाएंगे, क्योंकि उन्हें ड्राइव करने की इजाजत नहीं है, लेकिन वह व्हाइट हाउस में अपने कर्मचारियों को इसका चलाने देंगे।

**एजेंसी । न्यूयॉर्क**

